आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 221- ● जबलपुर ● रविवार, 12 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



नौकरीपेशा लोगों के लिए श्वक्क्षद्ग ने राहत की खबर दी है। अब EPF खाताधारक 31 दिसंबर तक अपना ह आधार के साथ लिंक कर सकेंगे। पहले यह सीमा 1 सितंबर तक थी।



# ऐसा सम्मान किसी ने नहीं दिया

## पीएम मोदी से बात कर भावुक हुए पैरालंपिक खिलाड़ियों ने कहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 9 सितंबर को भ्रातीय पैरा एथलीटों से अपने आवास पर मुलाकात की थी। इस दौरान खिलाड़ियों ने पीएम मोदी से अपने अनुभव साझा किए। इसी महीने सपन्न हुए टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा था। खेलों के इस महाकुंभ में भारत के पैरा एथलीटों ने 19 पदक जीते थे जिनमें पांच गोल्ड मेडल थे। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान बातचीत करते हुए कई खिलाड़ी भावुक हो गए। इन एथलीटों ने कहा कि आज तक ऐसा सम्मान किसी ने नहीं दिया। भारतीय पैराएथलीटों से अपनी इस मुलाकात के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 सितंबर को ट्वीट कर कहा, कल 12 सितंबर को उन चैंपियन के साथ बातचीत होगी जिन्होंने टोक्यो में पूरे देश को गौरवान्वित किया। पीएम ने आगे कहा कि कल, 12 सितंबर को सुबह 11 बजे पैरा एथलीटों के साथ हुई दिलचस्प बातचीत। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कई पैरा एथलीट बहुत भावुक हो गए। पीएम मोदी ने उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप लोगों ने बहुत परिश्रम किया है। इस दौरान खिलाड़ियों ने कहा कि आपने पांच दिन में हमारे खेल को जन-जन तक पहुंचा दिया ऐसा आज तक देश के किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। वहीं पैरालंपिक में मेडल लाने से चूक गए एथलीटों ने प्रधानमंत्री से वाद किया कि अगली बार जब वह आप से मिलेंगे तो मेडल भी साथ होगा। पीएम ने कहा कि जिद का अपना महत्व होता है, इस बार जो कमी रह गई उसे बोझ मत बनने देना।

### दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए हो वर्कशॉप का आयोजन

प्रधानमंत्री ने दिव्यांग एथलीटों पर बात करते हुए कहा, पैरा खिलाड़ियों कों कोचिंग कराना ज्यादा मुश्किल है, क्योंकि वे शारीरिक क्षमता के अलावा मानसिक तौर पर भी आम खिलाड़ियों से अलग हैं। ऐसे खिलाड़ियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन होना चाहिए।

# जिंदा है अल कायदा चीफ अल जवाहिरी?



**नई दिल्ली।** अल कायदा चीफ आयमान अल जवाहिरी की मौत का दावा एक बार फिर से गलत साबित हुआ है। दरअसल इस बात का खुलासा 9/11 आतंकी हमले की बरसी पर इंटरनेट पर जारी एक 60 मिनट के वीडियो से हुआ है और इस वीडियो का टाइटल है यरूशलेम का यहूदीकरण नहीं होगा। बता दें कि ओसामा बिन लादेन की मौत के बाद अल जवाहिरी को ही अलकायदा का प्रमुख बनाया गया था। पिछले काफी वक्त से वह गायब था। जवाहिरी की बीमारी से मौत की खबरें भी नवंबर 2020 मे सामने आई थीं, जिसके बाद जवाहिरी का न कोई वीडियो सामने आया था, न उस से जुड़ी कोई जानकारी। लेकिन अमेरिका में 9/11 हमले की बरसी के दिन अल कायदा ने अल जवाहिरी का नया वीडियो जारी किया है जिसमें अल जवाहिरी पूरी तरह स्वस्थ्य दिखाई दे रहा है और अमेरिका के खिलाफ जहर उगलता नजर आ रहा है। अल जवाहिरी वीडियो में अमेरिका में 9/11 हमले का जिक्र करता नजर आ रहा है। अल जवाहिरी कह रहा है कि हमें हमें उन 19 मुजाहिद्दीन इस्लाम के लड़कों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने अमेरिका के दिल को बुरी तरह से घायल कर दिया और ऐसा हमला किया कि उस जख्म को अमेरिका अब तक नहीं भूला। वीडियो में उसने सिर्फ एक बार अफगानिस्तान की चर्चा की। उसने कहा कि 20 साल की लड़ाई के बाद टूटा और बिखर चुका अमेरिका आखिरकार अफगानिस्तान से उल्टे पांव भागने को मजबूर हुआ। अल जवाहिरी ने कश्मीरी जिहादी इलयास कश्मीरी और अल कायदा इंडिया सब कॉन्टिनेंट के चीफ मौलाना असीम उमर को भी याद किया।

### अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में है जवाहिरी

अल-जवाहिरी अमेरिका की आतंकवादियों की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। अमेरिकी सरकार ने उस पर अपने नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाया है। वह अमेरिका के बाहर अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिश में भी शामिल रहा है। अमेरिकी सरकार ने अयमान अल-जवाहिरी पर ढाई करोड़ डॉलर का इनाम रखा था।

### वीडियो सामने आने के बाद सतर्क हुए कई देश

बता दें कि अल जवाहिरी के इस वीडियो के सामने आने के बाद से दुनिया के कई देशों की सरकार ने चिंता जताई है और सेना से सावधानी बरतने के लिए कहा है।

## बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से राहत

# 30 हजार से कम आए नए मामले



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटे में 30 हजार से भी कम नए मामले सामने आए हैं, शनिवार को सिर्फ 28 हजार 591 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं, जबकि 338 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। वहीं, ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। 34 हजार 848 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, शुक्रवार को कोरोना के 33 हजार मामले सामने आए थे, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही संक्रमित मरीजों की संख्या में करीब पांच हजार की कमी आई है। हालांकि, केरल में कोरोना के मामले जिस तेजी से घटने चाहिए, वैसा नहीं दिख रहा है। सूत्रों की मानें तो वैक्सीनेशन की रफ्तार कम होने की वजह से कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं।

### कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए- 28591

बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए-34,848

बीते 24 घंटे में कुल मौतें-338

बीते 24 घंटे में कोरोना टीका- 72.86 लाख

देश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या- 3.84 लाख

कुल संक्रमित हुए लोग- 3.32 करोड़

अब तक कुल ठीक हुए लोग- 3.24 करोड़

अब तक कुल मौतें- 4,42 लाख

अब तक कुल कोरोना टीका- 73.82 करोड़

# प्रियंका ने हनुमान मंदिर में माथा टेका पुजारी ने कहा- जीत के लिए यहीं पर रहें



**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंच गई हैं। यहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और पदाधिकारियों संग बैठक करेंगी। रायबरेली के रास्ते में लखनऊ रायबरेली सीमा पर प्रियंका गांधी ने चुरवा हनुमान मंदिर में माथा टेका और पुजारी से आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि विधानसभा चुनाव हों या फिर लोकसभा चुनाव, रायबरेली आने वाले सभी बड़े नेता चुरवा हनुमान मंदिर में माथा टेककर जीत का आशीर्वाद लेते हैं। पुजारी अनूप अवस्थी ने उन्हें पूजा करवाई। प्रियंका गांधी ने पुजारी को दक्षिणा दी। पुजारी ने प्रियंका से कहा संगठन मजबूत करना है और चुनाव में जीत हासिल करनी है तो रायबरेली में आपको रहना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने पुजारी से वादा किया कि मैं अधिक से अधिक रायबरेली आने की कोशिश करूंगी।

## भाजपा में शामिल हुए पुरोला से कांग्रेस विधायक राजकुमार



**नई दिल्ली।** भाजपा में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे कांग्रेस के विधायक राजकुमार ने पार्टी ज्वाइन कर ली है। उत्तरकाशी जिले की पुरोला सीट से कांग्रेस विधायक राजकुमार आज दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद प्रधान, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक भी मौजूद रहे। इससे पहले शनिवार को राजकुमार भाजपा में शामिल होने वाले थे। लेकिन किन्हीं कारण वश उनकी ज्वाइनिंग टल गई थी।

# दिव्यांग की खातिर सड़क पर फैसला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक जज की दरियादिली का अनोखा मामला सामने आया है। जहां जिला सत्र न्यायाधीश खुद चलकर एक दिव्यांग फरियादी के पास पहुंचे। इतना ही नहीं बीच सड़क पर ही उन्होंने फैसला भी सुना दिया। फैसले में उन्होंने कंपनी को 20 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का आदेश दिया। दरअसल एक सड़क दुर्घटना में तीन साल पहले दिव्यांग हुए युवक ने बीमा कंपनी के खिलाफ अर्जी लगाई थी। बीते 11 सितंबर को कोरबा में लगाई गई लोक अदालत में युवक के मामले की सुनवाई थी। सुनवाई के लिए पहुंचा दिव्यांग युवक चलने में सक्षम नहीं था। बता दें कि कोरबा के जिला सत्र न्यायाधीश बीपी वर्मा को दिव्यांग युवक के संबंध में जानकारी मिली कि वह चलने से लाचार है तो वे खुद उसकी कार के पास पहुंच गए। इसके अलावा युवक के केस से संबंधित दस्तावेज व मामले से जुड़े पक्ष को कार के पास ही बुलाया गया। वहीं सुनवाई के बाद फरियादी दिव्यांग युवक और बीमा कंपनी के बीच सुलह कराया गया। राजीनामा के बाद युवक को बीस लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का फैसला कोर्ट ने सुनाया। बता दें कि तीन साल से इस मामले की सुनवाई हो रही थी। लेकिन बीते शनिवार को जज द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद दिव्यांग फरियादी द्वारिका प्रसाद ने खुशी जाहिर की और न्यायालय की इस पहल पर आभार जताया। फरियादी के मुताबिक तीन दिसंबर 2018 को सुबह लगभग पांच बजे द्वारिका प्रसाद कंवर चार पहिया वाहन में कोरबा जा रहा था और उसी दौरान यह दुर्घटना घट गई।

## क्विक अपडेट



### ट्रेन में छिपाकर ला रहे थे विदेशी नस्ल की बिल्लियां

**इटारसी/होशंगाबाद।** रविवार दोपहर इटारसी रेलवे स्टेशन पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से अमृतसर जा रही 01057 पठानकोट एक्स के बी-3 कोच से विदेशी नस्ल की 8 पालतू बिल्लियां बरामद की गई हैं। ट्रेन में गश्त करने वाली टीम से इस ट्रेन में बिल्लियों की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद आरपीएफ और वन विभाग की टीम सक्रिय हुई। आरपीएफ टीआइ देवेंद्र कुमार एवं वन विभाग की टीम ने ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही चेकिंग अभियान शुरू किया और बी-3 कोच से इन बिल्लियों को जब्त कर लिया गया।



## सतना पहुंचे सीएम, विरोध करते कांग्रेसी गिरफ्तार

**सतना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना पहुंच गए हैं। वे यहां रैगांव विधानसभा क्षेत्र में जनदर्शन कार्यक्रम, सभा और शिलान्यास व लोकार्पण के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ही उन कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने का ऐलान किया था। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को उनके घरों और क्षेत्रों से ही उठा लिया और उन्हें पुलिस वाहन में गिरफ्तार कर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में कई गई घोषणाओं के अमल न होने पर सवाल करने व काले झंडे दिखाने जाने वाले किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री नीरज सिंह भाद को सिविल लाइन थाना पुलिस ने ग्राम भाद स्थित उनके निज निवास के अंदर से ही सुबह उठा लिया।

# बैठक से पहले बोले, नितिन पटेल सीएम ऐसा हो जिसे पूरा गुजरात जानता हो



**अहमदाबाद।** विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद गुजरात में सियासी संकट को सुलझाने के लिए रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। उम्मीद है कि इस बैठक में राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम का फैसला हो जाएगा। गुजरात का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसके लिए कई नाम रेस में चल रहे हैं। वहीं उपयुक्त मुख्यमंत्री चुनने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद जोशी को चुना गया है। गुजरात में विधायक दल की बैठक से पहले उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री ऐसा होना चाहिए जिसे पूरा गुजरात जानता हो। इस बीच एक और जानकारी आ रही है कि नितिन पटेल के घर के बाहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

गुजरात के गांधीनगर में प्रदेश भाजपा नेता यमल व्यास ने कहा कि गुजरात भाजपा विधायक दल की बैठक आज दोपहर तीन बजे होगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद जोशी और भाजपा महासचिव तरुण चुग उपस्थित रहेंगे। बैठक में गुजरात के अगले मुख्यमंत्री का चुनाव होगा।

### यह हो सकता है फॉर्मूला

गुजरात में सरकार का स्वरूप थोड़ा बदल सकता है। कहा जा रहा है कि पार्टी इस बार जातिगत समीकरण बैठने के लिए एक मुख्यमंत्री के साथ दो उपमुख्यमंत्री का फॉर्मूला अपना सकती है। मुख्यमंत्री पाटीदार समाज का होगा। वहीं एक उपमुख्यमंत्री ओबीसी से तो दूसरा आदिवासी हो सकता है। हालांकि ये अभी महज अटकलें हैं। इससे पहले शनिवार को देश उस समय चौंक गया जब विजय रूपाणी ने राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया था। विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद गुजरात भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गांधीनगर में में बैठक की। विधायकों को शनिवार रात तक राज्य की राजधानी पहुंचने को कहा गया।

## राजोरी में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी घिरे



**श्रीनगर।** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें दो आतंकियों के घिरे होने की आशंका है। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। बता दें कि जिले के बरोट गांव में पहाड़ी इलाकों में रविवार सुबह आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों के घेरे में खुद को फंसता देख मौजूद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने आतंकियों को आत्मसमर्पण करने का मौका दिया, लेकिन आतंकी सुरक्षाबलों पर फायरिंग करते रहे। इसके बाद जवाबी फायरिंग के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने भी आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी गोलाबारी की पुष्टि की है। हालांकि आतंकियों की संख्या को लेकर अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि एक से दो आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। कश्मीर संभाग में पुलवामा जिले के मलिकपोरा में सेना की 55-आरआर( राष्ट्रीय राइफल्स), सीआरपीएफ और एसओजी की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया है। यहां पुलिस को आतंकी गतिविधि की सूचना मिली थी। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है।




# क्या एलियन होते हैं? सवाल पर नासा वैज्ञानिक ने किया चौंकाने वाला खुलासा

***वेब डेस्क।*** *क्या एलियन होते हैं? यह एक ऐसा सवाल है जो शायद ब्रह्मांड की उत्पत्ति के साथ ही पैदा हुआ है। जितना पुराना यह सवाल है उतनी ही पुरानी वैज्ञानिकों की खोजें, लेकिन आज तक इस सवाल का जवाब ढूंढे नहीं मिला है। हालांकि, वैज्ञानिकों को इस बात के संकेत जरूर मिले हैं कि धरती से परे अन्य ग्रहों पर भी जीवन है।*

लेकिन, वहां का जीवन कैसा है। लोग कैसे हैं। वे कैसे दिखते हैं। क्या खाते-पीते हैं। क्या यही एलियन होते हैं। ये सारी बातें अभी तक कल्पनाओं और अनुभवों पर ही आधारित है। बॉलीवुड या हॉलीवुड की फिल्मों में भी हमनें अभी तक जो एलियन देखे हैं, वे कल्पनाओं पर ही आधारित हैं। क्योंकि, हमारे वैज्ञानिक अभी तक इस बात का पता नहीं लगा पाए हैं कि क्या एलियन सच में होते हैं?

### नासा वैज्ञानिक ने किया चौंकाने वाला खुलासा

नासा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो अपलोड किया है। इसमें सवाल किया गया है कि क्या वाकई में एलियन होते हैं। इस सवाल के जवाब में नासा वैज्ञानिक डॉ. लिंडसे हेस कहती हैं कि यह वाकई में बहुत रोचक सवाल है। वैज्ञानिक भी लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या पृथ्वी के अलावा किसी और ग्रह पर जीवन है। हालांकि, वह आगे कहती हैं कि अमेरिकी स्पेस एजेंसी ने इसका पता लगाने के लिए मंगल ग्रह पर पांच रोवर्स व चार लैंडर्स भेजे हैं। ये रोवर्स व लैंडर्स हाई रिजॉल्यूशन कैमरे से लैस हैं, जो मंगल ग्रह का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके बावजूद हम सिर्फ मंगल के एक हिस्से का ही पता लगा पाए हैं। इसलिए हम नहीं कह सकते कि एलियन होते हैं या नहीं। विश्वास पर दुनिया टिकी है, जो दावा करते हैं वो भी और जो खारिज करते वोभी।



### अनंत है ब्रह्मांड

अमेरिकन अंतरिक्ष यात्री व लेखक कार्ल सागन ने लिखा था कि ब्रह्मांड बहुत बड़ा है, यह अनंत है। अगर इस ब्रह्मांड में सिर्फ हम हैं तो यह बर्बादी है। हालांकि, नासा वैज्ञानिक डॉ. लिंडसे वादा करती हैं कि हम इसका पता लगाकर रहेंगे कि धरती के अलावा किसी और ग्रह पर जीवन है कि नहीं।

# जर्जर क्वाटरों से कर्मचारियों की जान सांसत में

## पानी निकासी और गंदगी से परेशान बरगी हिल्स क्वाटर में रहने वाले







**जबलपुर, यशभारत।** बरगी हिल्स क्वाटर में रहने वाले कर्मचारियों की जान मुसीबत में है। दरअसल जर्जर क्वाटरों की वजह से यहां रहने वाले कर्मचारी भयभीत है। इसके अलावा पानी निकासी और गंदगी की वजह से भी कर्मचारी परेशान है। लघु वेतन कर्मचारी संघ के विभागीय अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर ने बताया कि बरगी हिल्स में जर्जर क्वार्टरों के लिए एवं यहां पर जल निकासी व्यवस्था एवं पूरी सफाई व्यवस्था चरमरा गई है यहां पर कोई अधिकारी देखने नहीं आ रहा है और कोई भी सफाई व्यवस्था नहीं है कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई सागर परियोजना संभाग क्रमांक 2 को भी ज्ञापन सौंपने के बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। कर्मचारियों के जितने भी क्वार्टर बने हैं, वह जर्जर हो गए हैं। बारिश का पानी छत से टपक रहा है। जोरदार बारिश होने से कमरों में पानी भर रहा है। कर्मचारियों ने पानी बचने के लिए छत पर बरसाती डाल रखी है। दीवारों में सीड़न आ गई है। बादल की गरज के साथ मकान की दीवारों से मिट्टी गिरने रही है। दरवाजे क्षतिग्रस्त गए हैं। मकानों की पुताई न होने दीवारो में काई लग गई है। अब मकान कभी भी गिर कर सकते हैं। कर्मचारियों ने कई बार आवेदन देकर वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर जर्जर क्वार्टरों को सुधारने की मांग की, लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई है। क्वार्टरों में जरा टूटफूट होने पर तुरंत मरम्मत का कार्य शुरू हो जाता है, लेकिन कर्मचारियों क्वार्टर पूरी तरह जर्जर हो गए हैं उनकी देखरेख नहीं की जा रही है।

### संभागायुक्त के निर्देश पर लार्वा की जांच के लिए चलाया गया अभियान





# रांझी संभाग में घर-घर दस्तक

जबलपुर। निगमायुक्त संदीप जी आर के निर्देश पर सभी संभागों में लार्वा की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है जिनके द्वारा प्रतिदिन क्षेत्रों में जाकर लार्वा की जांच की जा रही है एवं लार्वा पाए जाने पर भवन स्वामियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है। आज रांझी संभाग के प्रभारी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्री अनिल मिश्रा और उनकी टीमों ने क्षेत्र के कई वार्डों में पहुंचकर आकस्मिक जांच की एवं लार्वा पाए जाने पर भवन स्वामियों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने बताया कि शहर में डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए अलग से टीमों का गठन किया गया है जिनके द्वारा नियमित रूप से लार्वा की सघन जांच कर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार निगमायुक्त के निर्देशानुसार संभाग क्रमांक 6 क्षेत्रीय बस स्टैंड दमोह नाका के अंतर्गत आने वाले वार्ड राजीव गांधी, कृष्णा नगर में निरीक्षण के दौरान रोड पर भवन निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण करते पाए जाने पर श्रीमती उर्मिला गुप्ता के विरुद्ध ?3,500 का स्पॉट फाइन किया गया।

**डेंगू लार्वा पाए जाने पर कई भवन स्वामियों के विरुद्ध की गई स्पॉट फाइन**

### मलेरिया टीम ने किया 1274 घरों में मच्छरों के लार्वा का सर्वे

जबलपुर। जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने एक हजार 274 घरों में मच्छरों के लार्वा का सर्वे कार्य किया। जिसमें 6 हजार 231 कंटेनरों में मच्छरों के लार्वा की जांच की गई। जिसमें 83 घरों के 110 कंटेनरों में लार्वा पाये गये। जनसमुदाय को लार्वा की पहचान एवं विनष्टीकरण और स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। साथ ही 512 बुखार पीड़ित रोगियों की रक्त पट्टी और आर.डी. किट के द्वारा जांच की गई, जिसमें मलेरिया पॉजिटिव शून्य था। डेंगू पॉजिटिव केस के घरों एवं क्षेत्र के 210 घरों में स्पेस स्प्रे एवं फागिंग किया गया। अजय कुरील मीडिया अधिकारी द्वारा गढ़ा एवं मेडिकल क्षेत्र में लार्वा सर्वे एवं विनष्टीकरण की कार्यवाही का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार डॉ. राकेश पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा नगर निगम अधिकारी से भेंट कर संयुक्त टीम में कार्य करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

# मासूम बच्चे की बचा लीजिए जान

### इसे चाहिए आपका दान जिससे शुरू हो सकेगा इलाज, आ सकेगी उसके चेहरे पे मुस्कान...

**जबलपुर।** एक मासूम जन्म से ही तरह-तरह की बीमारी की चपेट में आ जाने से जिंदगी को जीने की जंग लड़ रहा है, परिवार भी इस वजह से जिंदगी के कठिन दौर से गुजर रहा है, अपने मासूम बेटे का जीवन बचाने के लिए बच्चे के माता-पिता हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, जिन्होंने बच्चे के इलाज के लिए अपना सबकुछ लुटा चुके हैं। दो वर्षीय मासूम रूद्रांश वथाव गले की दुर्लभ बीमारी सबग्लोटिक स्टेनोसिस से पीड़ित है, जिससे बच्चा न तो सांस ले पाता है और न ही बोल पाता है, इस बीमारी के उपचार के लिए परिजनों के अनुसार 12 लाख रूपये से अधिक का खर्चा आना है, जिसके लिए उन्होंने सभी से मदद की गुहार लगाई है। मासूम रूद्रांश वथाव के पिता आकाश वथाव ने बताया कि वह अधारताल के संजय नगर के निवासी है, वह निजी रूप से शिक्षक का काम करके अपने परिवार का लालन-पालन करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके बेटे को गले की दुर्लभ बीमारी सबग्लोटिक स्टेनोसिस है, जिसके कारण उसकी श्वांस नली बाधित है और वह सामान्य व्यक्ति की तरह मुहं व नाक से सांस नहीं ले पाता है। चिकित्सकों ने उसके गले के नीचे एक छेद किया है और उसमें एक कृत्रिम नली डाली है, जिसे ट्रेकीयोंस्टमी कहते हैं। जिसके माध्यम से वह मासूम सांस ले पाता है। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है, इस वजह से वह अपने मासूम का इलाज करवाने में अस्मर्थ हैं, जिसकी लिए उन्होंने सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, शासन-प्रशासन, नागरिकों सहित अन्य से मदद की गुहार लगाई है, ताकि उनका बच्चा अन्य बच्चों की तरह स्वस्थ्य होकर खेलकूद व पढ़ाई कर सके।



### मदद दाता इस प्रकार बच्चे की कर सकते हैं मदद

*सबग्लोटिक स्टेनोसिस बीमारी से पीड़ित रुद्रांश वथाव की मदद करने वाले उनके संजय नगर पॉवर हाउस के अधारताल जबलपुर में पहुंचकर मदद कर सकते हैं या फिर उनके भारतीय स्टेट बैंक खाता धारक का आकाश कुमार वथाव, खाता क्रमांक 32301468460, सीआईएफ नम्बर 86317584454, आईएफएससी कोड एसबीआईएन0006038 पर मदद राशि पहुंचा सकते हैं। वहीं बच्चे की मदद के लिए पेटीएम व वाट्सएप नम्बर 8871332635 या गूगल पे 7000653316 पर भी मदद कर सकते हैं।

# मायोपिया क्लीनिक का शुभारंभ

**जबलपुर ।** जन ज्योति सुपर स्पेशलिटी नेत्र अस्पताल 29 वर्ष पूर्ण कर 30 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर दृष्टि दोष की वर्तमान समय में बढ़ती हुई समस्या को देखते क्लीनिक का शुभारम्भ किया जा रहा है। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ पवन स्थापक ने बताया की वर्तमान परिदृश्य में मायोपिया (निकट दृष्टि दोष ) की बीमारी अत्याधिक मात्रा देखने को मिल रही है इसमें सर्वाधिक प्रभावित स्कूल जाने वाले बच्चे युवा और प्रौढ़ हो रहे हैं। अत्याधिक कम्प्यूटर मोबाइल का उपयोग ऑनलाइन स्टडी एवं खानपान में अनियमितता 1 इसके प्रमुख कारण है। अगर मायोपिया का करेक्शन नहीं होता तो मरीज को सामाजिक, मानसिक एवं जीवन विकास की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हमारे भारत देश में एक अध्ययन के अनुसार पिछले 10 वर्षों में शहरी क्षेत्रों 7.9त्न से 8.9.त्न एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 4.6त्न से 6.8.त्न इजाफा हुआ है, जो की चिंता का विषय है। समस्या के निवारण को ध्यान में रखते हुए जन ज्योति सुपर स्पेशलिटी नेत्र अस्पताल में मायोपिया क्लीनिक की स्थापना की जा रही है, इस क्लीनिक में बच्चो वाली उम्र में चश्मे के नंबर में परिवर्तन, कारण डाइग्नोस्टिक बचाव एवं उपचार पर कार्य किया जायेगा। डॉ आयुष टंडन ने बताया की अंतराष्ट्रीय अध्ययन में यह ज्ञात हुआ कि बच्चों की आँख की जाँच समय पर होने से अब दवा के माध्यम से जीवनचर्या में बदलाव, अर्थोकेरेटोलॉजी एवं अभिभावकों की जागरूकता से न केवल चश्मे का नंबर बढ़ने से रोका जा सकता है बल्कि बच्चो को अंधत्व से भी बचाया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ अर्पिता स्थापक दुबे, डॉ अंकित राठोड, डॉ अपूर्वा स्थापक, श्रीमती अनुपमा स्थापक एवं डॉ सोनिया टंडन की उपस्थिति रहीं।






# जो भारत को भूल गया वो भगवान को भूल गया :आचार्य श्री

जबलपुर। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के उत्तम मार्जव धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि आज के समय मां-बाप अपना सब कुछ त्याग कर , सारी संपत्ति लगाकर और लोन लेकर बच्चों को विदेश भेज रहे हैं जो शिक्षा भारत में मिलती है वह कहीं नहीं मिलती, विदेश जाकर बच्चे मां- पिता और अपनी धरती मां से वंचित रह जाते हैं, सिर्फ बैंक में पैसा आता है उससे क्या होगा? धर से गए, तन से गए, मन से गए, और वतन से भी चले गए अब क्या हाथ आया ।बच्चों को भारतीय संस्कृति और देश प्रेम की शिक्षा देनी चाहिए , यदि सिर्फ धन की ओर देखते हैं तो देखो क्या-क्या हो रहा है दुनिया मे , राष्ट्र के विकास का धन विस्फोटक पदार्थों में लग रहा है , अभी पता चला कि कहीं छः लाख करोड़ का विस्फोटक - हथियार छोड़ आए , सारा धन और ध्यान विस्फोटक पदार्थों को एकत्र करने में खर्च हो रहा है , आप से दुनिया डरेगी तो आपको भी दुनिया डराएगी, यदि दुनिया डरने - डराने का ही घर बन गया तो विश्व में शांति कहां से लाओगे ? आचार्य श्री कहते हैं कि जिनवाणी की कृपा से ही लोगों में शांति आ सकती है , यही मूल मंत्र है प्रलय आने के पूर्व अपनी लय, अपनी चाल और अपनी ध्वनि को बदलो। चालाकी से बचें तभी सभी का कल्याण हो सकता है , हम कठोर ना बने बल्कि मानव धर्म से अपना श्रृंगार करें, इससे मान और कषाय खंडित होगा और हम मानव धर्म के मार्ग पर चलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि जो भारत को भूल गया वह भगवान को भूल गया।



# ग्वारीघाट में सप्त ऋषि एवं यज्ञोपवीत पूजन

**जबलपुर।** श्रीनगर पंडित सभा द्वारा सप्त ऋषि एवं यज्ञोपवीत पूजन संपन्न जबलपुर द्य श्रीनगर पंडित सभा के तत्वावधान में पतित पावनी मां नर्मदा के तट ग्वारीघाट में सप्त ऋषि एवं यज्ञोपवीत पूजन किया गया ।वैदिक विद्वानों के द्वारा मंत्रोच्चार किया गया द्य मंगलाचरण स्वस्तिवाचन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ द्यआचार्यों द्वारा पंचगव्य प्राशन एवं 10 विधि स्नान से शारीरिक शुद्धि की गयी द्यइसके पश्चात नर्मदा स्नान एवं सूर्य तर्पण किया गया द्य गोत्र एवं कुल परंपरा के अनुसार सप्त ऋषि एवं यज्ञोपवीत पूजन वेद मंत्रों के वाचन से आरंभ हुआ द्यसभी आचार्यों ने नवीन यज्ञोपवीत धारण किया एवं वैदिक परंपरा के संवाहक ऋषि यों को यथा विधि नमन किया गया द्य संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना की गई द्य इस अवसर पर अध्यक्ष पंडित वासुदेव शास्त्री पंडित शैलेंद्र तिवारी पंडित संजय मिश्रा पंडित अखिलेश त्रिपाठी डॉ बालमुकुंद पौराणिक पंडित दीपू तिवारी पंडित राजू द्विवेदी पंडित अंकुर पति त्रिपाठी पंडित अरुण दुबे पंडित महेश पंडित सत्येंद्र स्वरुप शास्त्री पंडित राजेश तिवारी पंडित सुशील दुबे पंडित कांता तिवारी गौरी शंकर लोकेश संदीप दयाराम शास्त्री कमलेश तिवारी गणेश शुक्ला नरेंद्र तिवारी रामतीर्थ आनंद चौबे सोमदत्त गौतम शिवम तिवारी नरेंद्र मिश्रा पंडित मुन्ना महाराज पंडित देवेंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित थे ।

# इंडियाज एजुकेशन वॉरियर अवार्ड से ब्रिटिश फ़ोर्ट सम्मानित

**जबलपुर।** कोरोना काल में ऑन लाइन शिक्षा श्रेष्ठ शिक्षा देने के लिए ब्रिटिश फ़ोर्ड फ़ाउंडेशन स्कूल को 2021 का बेस्ट नेक्स्ट जनरेशन स्कूल अवार्ड सेसम्मानित किया गया ।ज्ञात है कि पिछले दो सालों से कोरोना काल में ऑन लाइन शिक्षा देने के लिए ब्रिटिश फ़ोर्ट स्कूल ने प्रत्येक विद्यार्थी को स्कूल कोर्स किताबें विद्यार्थियों में नि शुल्क प्रदान की एवं पिछले दो सालों से यह सिलसिला लगातार जारी। प्रत्येक विद्यार्थी को कॉन्सेप्ट्स क्लियर करते हुए रोज़ाना तीन घंटे की क्लासेस दी जा रही थी एवं जिन विद्यार्थियों को स्कूल में आने की असुविधा थी उन्हें घर पर भी किताबें वितरित की गई इस तरह से समस्त विद्यार्थियों को इस श्रेष्ठ शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया ।संस्था के चेयरमैन अनुराग सोनी ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षकों के द्वारा भी ऑन लाइन शिक्षा एवं सैमीनार की सुविधा दी । इन सब श्रेष्ठ गतिविधियों को देखते हुए दिल्ली मुख्यालय में राष्ट्रीय संस्था इनलिंक के द्वारा इंडियाज एजुकेशन वॉरियर अवार्ड 2021 के द्वारा स्कूल को सम्मानित किया गया ।इस अवार्ड को पाकर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यार्थियों ऑफ़सि स्टाफ़ एवं अभिभावकों में अत्यंत ख़ुशी का माहौल है।



# भगवान श्री सिद्ध गणेश का लाजा बताशा से सहस्त्रार्चन





जबलपुर ।ग्वारीघाट स्थित सिद्ध गणेश मंदिर में विराजित रिद्धि सिद्धि शक्तियों के साथ भगवान श्री सिद्ध गणेश का पूजन किया गया और रविवार को तृतीय दिवस भगवान के कपिल स्वरूप का क्रीम वस्त्र के श्रृंगार कर लाजा बताशा से सहस्त्रार्चन किया गया। ऐसा प्रबल कर्म है जो समस्त प्रारब्ध को रोककर मनवांछित फल प्रदान करता है । भक्तों को भी उनका इच्छित फल मिलता रहे यह उद्गार श्री सिद्ध गणेश मंदिर के संस्थापक महंत ब्रह्मर्षि स्वामी रामबहादुर महाराज ने प्रातः भक्तों के समक्ष व्यक्त किए । इस अवसर पर चित्रा प्रशांत मांडवीकर अमरजीत शशि दिलीप ब्रजपुरिया रुचि अभिषेक आदि उपस्थित थे ।

### श्री सुप्तेश्वर गणेश भगवान कीभक्त कर रहें महाआरती

स्थानीय श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में प्रातः अभिषेक किया गया भगवान को वस्त्र, माला चढ़ाया गया शाम को महा आरती में श्री चंद्रेश खरे,पूर्व जज, शैलेन्द्र सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अमेठी जगत बहादुर अन्नू, श्री ठाड़ेश्वर महावर शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष, दिनेश सिंगरोल पार्षद शहीद गुलाब सिंह वार्ड, दिलीप सिंह व भक्तो ने महाआरती की प्रातः श्री अखंड रामायण का पाठ आरभ हुआ जिसका आज समापन होगा, सायंकाल महाआरती होंगी।

# ओवरनाइट एक्सप्रेस से 65 हजार का लैपटॉप चोरी

जबलपुर यश भारत। इंदौर से चलकर जबलपुर आने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस में एक यात्री का 65 हजार का लैपटॉप चोरी हो गया। यात्री को इस घटना का पता उस समय चला जब उसने सुबह मदन महल स्टेशन में उतरने के पूर्व अपना बैग देखा तो उसमें रखा लैपटॉप गायब था यात्री द्वारा पहले कोच में इधर-उधर तलाश की गई इसके बावजूद भी जब लैपटॉप का कोई पता नहीं चला तो उसके द्वारा जीआरपी में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार बीती रातओवरनाइट एक्सप्रेस के ॅ/1 कोच की बर्थ नंबर 37 में इंदौर से जबलपुर की यात्रा कर रहे थे रात में उन्होंने अपना सामान बर्थ के नीचे रखा और सो गए थे । आज सुबह जब मदन महल स्टेशन में उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि बैग में रखा लैपटॉप गायब है उनके द्वारा इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसके बाद जीआरपी द्वारा अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी गई।

### जिला पावर लिफ्टिंग चेम्पियनशिप

# निशा स्ट्रांग वूमेन बनीं

## बादल, सुमित, रवि अपने ग्रुपों में स्ट्रांगमेन बने

**जबलपुर।** कम्यूनिटी हॉल ईस्टलैण्ड खमरिया में सम्पन्न हुई दो दिवसीय जिला पावर लिफ्टिंग चेम्पियनशिप के दूसरे व आखिरी दिन पुरूस्कार वितरण एवं समापन समारोह में संघ के अध्यक्ष बाबू विश्वमोहन द्वारा विजय व सफल पावर लिफ्टरों को जहां स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र वितरित किए गए तो वहीं विभिन्न भार वर्गों से चुनकर आए लिफ्टरों को प्रतियोगिता का स्ट्रांग मेन व स्ट्रांग वूमेन से नवाजा गया। चार प्रतिष्ठापूर्ण खिताबों में मारूति हेल्थ क्लब की निशा धुर्वे को जहां स्ट्रांग वूमेन का खिताब मिला तो वहीं मिशन हेल्थ क्लब के बादल मोहम्मद ने सब जूनियर स्ट्रांग मेन का खिताब अर्जित किया। जबकि मारूति हेल्थ क्लब के सुमित सिंह ठाकुर को जूनियर एवं वीएफजे हेल्थ क्लब के रवि कुमार यादव ने सीनियर वर्ग के स्ट्रांग मेन का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष बाबू विश्वमोहन, उपाध्यक्ष ललित जॉन एवं जगदीश रजक, सचिव विन्सटन लाल, शशिकांत दुबे, मानसिंह परस्ते, एस. तेण्दुलु, संजय बिल्लोरे, भगवान दास आदि उपस्थित रहे।





## डॉक्टर बनने इम्तिहान , 30 केन्द्रों में नेट परीक्षा

# गेट पर छात्राओं की उतरवाई ज्वलेरी हाफ टी-शर्ट पहनकर पहुंचे छात्र

**जबलपुर।** डॉक्टर बनने के लिए पहले नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट) का इम्तिहान देने पहुंचे विद्यार्थियों को कड़ी सुरक्षा के बीच से गुजरना पड़ा। परीक्षा केंद्र पहुंचने के पहले छात्राओं के ज्वेलरी उतरवाई गई तो फुल टी-शर्ट पहने छात्रों को हाफ टी-शर्ट पहनकर आने के निर्देश दिए गए। नीट परीक्षा शहर के 30 केंद्रों में आयोजित हो रही है। शहर के सभी सीबीएसई स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में 12 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले विद्यार्थियों को पहुंचना जरूरी था। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।



### सैनिटाइजर लेकर पहुंचे विद्यार्थी

कोरोना संक्रमण को देखते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा पहले ही छात्रों को निर्देश दिए गए थे कि वह परीक्षा केंद्र सैनिटाइजर के साथ पहुंचे। हालांकि परीक्षा सेंटरों में सैनिटाइजर और थर्मल स्केनर से विद्यार्थियों का टेम्परेचर चैक किया गया।

### परीक्षा केंद्र पहुंचने के पहले इन प्रक्रियाओं से गुजरे स्टूडेंट

-विद्यार्थी को सर्दी-जुकाम, बुखार की शिकायत थी तो उसकी जानकारी देनी पड़ी।
-कोविड संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में तो नहीं आए।
-पारदर्शी पानी की बोतल, एक छोटी सैनिटाइजर की शीशी लाने की अनुमति थी।
-आधी बांह के शर्ट, टीशर्ट व कुर्ता पहनकर पहुंचे छात्र
- छात्राओं की इयरिंग व नोजपिन और ज्वेलरी उतरवाई गई।
-जिप पॉकेट, कढ़ाई वाले, बड़े बटन के कपड़े की परमीशन नहीं थी।

### कोविड नियमों का पालन

- परीक्षा केंद्रों में विद्याथियों की बैठने की व्यवस्था कोरोना गाइड लाइन के तहत की गई थी।
-विद्यार्थियों के बैठने में दो सीटों के बीच अंतर रखा गया।
- परीक्षा केंद्रों में मास्क नहीं पहने विद्यार्थियों को मास्क दिए गए।
- परीक्षा शुरू होने के पहले कमरों को सैनिटाइज कराया गया।
- परीक्षा के दौरान शारीरिक दूरी के पालन का विशेष ध्यान रखा

## तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# 4 प्रशासनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे गृहमंत्री अमित शाह

**जबलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा 18 सितंबर को प्रस्तावित है। इसको लेकर अभी तक प्रशासनिक स्तर पर चार कार्यक्रम तय हुए हैं। इसके अलावा पार्टी स्तर के कार्यक्रम अलग से होंगे। इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक की गई।केंद्रीय गृहमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक हुई**



कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने बताया कि केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह आदिवासी जननायक शंकरशाह एवं रघुनाथशाह के प्रतिमा स्थल पहुंचकर माल्यार्पण, जनजातीय नायकों का गौरव सम्मान, नारी शक्ति पर केंद्रित उज्ज?वला योजना एवं समृद्ध तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के कार्यक्रम हैं। इसके अलावा पार्टी स्तर पर संसदीय क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों को संबोधित करने का कार्यक्रम अलग से है। सभी कार्यक्रमों के मिनट तय किए जाएं ताकि उन्हें व्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सके। इसके लिए अभी से ड्यूटी आर्डर जारी किए जाएं ताकि यह तय हो कि कौन क्या करेगा। उन्होंने कहा कि माल्यार्पण लेकर मंचीय कार्यक्रम तक सभी सुविधाजनक व व्यवस्थित हों, अतिथियों के आगमन व उन्हें ठहराने के साथ अन्य जिलों से आने वाले लोगों की बैठक व्यवस्था, पेयजल व अन्य जरूरी बातों का ध्यान रखा जाए। इस दौरान प्रदर्शनी,



उसके उद्घाटन, लाइव टेलीकास्ट आदि के साथ समस्त मंचीय कार्यक्रम व्यवस्थित हों, इसमें बिल्कुल भी लापरवाही न बरती जाए। सर्किट हाउस में भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित हो। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के सभी प्रयास सभी संबंधित अधिकारी करें और व्यवस्थित रूप से कार्य का संपादन करें। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रिजु बाफना, नगर निगम आयुक्त संदीप जीआर, अपर कलेक्टर राजेश बाथम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उमस भरी गर्मी का अहसास

# गरज- चमक के साथ बारिश की संभावना

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश से लेकर बंगाल की खाड़ी तक बारिश का सिस्टम बना हुआ है। जिसके असर से जबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश में बारिश रिकार्ड की जा रही है। आगामी 24 घंटों में भी जबलपुर सहित आस-पास के जिलों में गरज- चमक के साथ बारिश की संभावना है। शनिवार को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है।मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को रुक-रुककर बारिश होने का अनुमान है। इस मानसून सीजन में बारिश का कुल आंकड़ा 536.5 मिलीमीटर यानि 21 इंच के पार हो गया है। जबकि पिछले मानसून सीजन में अभी तक 981.7 यानी साढ़े 38 इंच बारिश रिकार्ड की गई थी। जबलपुर में 52 इंच तक बारिश होती है। आज उमस भरी गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग केंद्र के प्रभारी अधिकारी बीजू जॉन जैकब ने बताया कि वर्तमान में निम्न दाब क्षेत्र के दुर्बल होने के बाद संयुग्मित चक्रवातीय परिसंचरण पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश के क्षेत्रों में सक्रिय है। मानसून ट्रफ लाइन भी मध्यप्रदेश के गुना, सतना, अंबिकापुर होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक तक विस्तृत है।

वहीं पूर्वोत्तर अरब से लेकर दक्षिणी गुजरात और दक्षिणी मध्य प्रदेश से होते




# रोटरी जबलपुर ने 1200+1 वा पौधा रोपा

जबलपुर । रोटरी क्लब आफ जबलपुर द्वारा रोटरी जंगल पौधारोपण में आसाम के पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित जाधव पियेंग ने 1200+1 वा पौधा लगाकर पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का संदेश दीया इसी बीच क्लब के अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी ने मोतियों की माला शॉल एवं श्रीफल से श्री जाधव का सम्मान किया । जाधव पियेंग भाई के जज्बे को सलाम अविश्वसनीय, बेजोड़ , अदभुत कहानी , आसाम में रहने वाले एक आदिवासी की जिसके कामो की गूंज ब्रह्मपुत्र की लहरों में बहते , सोंधी जंगली हवाओं में महकते , घने पेड़ो की सरसराहट से होते , हजारो किलोमीटर दूर दिल्ली में च्राष्ट्रपति भवनज्ज तक पहुंची । इस सीधे साधे आदिवासी का नाम है जाधव पियेंग। हमारे कहानी के नायक च्जाधव पियेंगज्ज पर । वर्ष 1979 में जाधव 10 वीं परीक्षा देने के बाद अपने गाँव में ब्रह्मपुत्र नदी के बाढ़ का पानी उतरने पर इसके बरसाती भीगे रेतीले तट पर घूम रहे थे । तब ही उनकी नजर लगभग 100 मृत सापो के विशाल गुच्छे पर पड़ी । आगे बढ़ते गए तो पूरा नदी का किनारा मरे हुए जीव जन्तुओं से अटा पड़ा एक मरघट सा था । मृत जानवरों के शव के कारण पैर रखने की जगह नही थी । इस दर्दनाक सामूहिक निर्दोष मौत के दृश्य ने जाधव के किशोर मन को झकझोर दिया । हजारो की संख्या में निर्जीव जीव जन्तुओ की निस्तेज फटी मुर्दा आँखों ने जाधव को कई रात सोने न दिया। गाँव के ही एक आदमी ने चर्चा के दौरान विचलित जाधव से कहा जब पेड़ पौधे ही नही उग रहे है तो नदी के रेतीले तटो पर जानवरों को बाढ़ से बचने आश्रय कहाँ मिले ? जंगलो के बिना इन्हें भोजन कैसे मिले ? बात जाधव के मन में पत्थर की लकीर बन गयी कि जानवरों को बचाने पेड़ पौधे लगाने होंगे । एक साल पहले महामहिम च्राष्ट्रपतिज्ज द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान च्पद्मश्रीज्ज से अलंकृत होने वाले जाधव आज भी आसाम में बांस के बने एक कमरे के छोटे से कच्चे झोपड़े में अपनी पुरानी में दिनचर्या लीन है । रोटरी क्लब अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी सचिव डॉ जतिन धीरा वाणी, कोषाध्यक्ष नितिन पालीवाल, बलदीप सिंह मैनी, एनके श्रीवास्तव, आशुतोष बाजपाई, जेपी सिंह टोनी, गीता शरत् तिवारी सुखवर्षा सहगल, सरला धर, योगेश गनौरे, राजा भैया, अरुण कांत अग्रवाल, अरुण पवार, पंकज नेमा, हर्ष अग्रवाल आदि मौजूद रहे ।

**पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का संदेश दिया**



# जनजागरण हेतु डेंगू बुखार अलर्ट

जबलपुर। डेंगू का कहर दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है । डेंगू बुखार में रोगी के जोड़ों में तेज दर्द होता है और बार-बार चक्कर आता है । डेंगू बुखार में शरीर में प्लेटलेट्स काफी तेजी से गिरती है जो जानलेवा हो सकता है । आम नगरिकों के साथ-साथ विशेष तौर पर गरीब मजदूरों के जनजागरण हेतु डेंगू के लक्षणों की पहचान एवं संक्रमण से बचाव हेतु नर्मदा सभा ने डेंगू बुखार अलर्ट बहुउपयोगी पत्रक जारी किया । इस अवसर पर नर्मदा सभा के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, द्वारका मिश्रा पूर्व पार्षद] दिनेश सिंगरौल (पूर्व पार्षद राजेश तिवारी सचिव जबलपुर जिलाबार कोंसिल] बलवंत यादव, अनिल सिंह, अतुल दुबे, शारदा राजपूत, अरविंद कपूर, राजीव कक्कड़, संतोष शर्मा, एस0के0 अहिरवार, दिनेश झारिया, प्रमोद सिंह, पी0के0 दुबे, गुडडू साहू, आदि नर्मदा भक्त उपस्थित थें ।

# स्टेडियम में घोर अव्यवस्थाएं, खिलाड़ी परेशान

जबलपुर। शहर का एक मात्र राईट टाउन स्टेडियम इस समय घोर अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है क्योंकि जहां एक तरफस्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत शानदार बिल्डिंग (पवेलियन) का निमार्ण हो रहा है वहीं जो मुख्य मांग खिलाड़ियों की सेंथेटिक ट्रेक की है उसका कोई अता पता नहीं है। जहां एक तरफ इंझी स्टेडियम में सेंथेटिक ट्रेक के निमार्ण हेतु कार्य प्रगति पर है वहीं राईट टाउन स्टेडियम के मड ट्रेक पर कभी स्वर्गीय उड़न सिख-मिल्खा सिंह और उड़न परी पी.टी.उषा दौड़ चुके हैं वही राईट टाउन स्टेडियम में सेंथेटिक ट्रेक का निर्माण कब होगा या होगा भी की नहीं इस बात की कोई जानकारी सामने नहीं आ रही है। जिससे खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में रोष व्याप्त है। स्टेडियम में सेंथेटिक ट्रेक के निमार्ण की बात तो दूर रही अभी बारिश के पानी के निक्कासी के लिए कोई नाली या रास्ते का निमार्ण नहीं किया गया है न ही नगर निगम इस ओर कोई ध्यान दे रहा है वहीं जहां एक तरफवाकिंग करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दूसरी तरफ रनिंग करने आ रहे एथलीटों को अभ्यास के लिए ट्रेक सूखा नहीं मिल पा रहा है। जहां एक ओर पूरे ट्रेक पर पानी भरा है वहीं दूसरी ओर कीचड़ मचा हुआ है जिससे खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं। स्टेडियम में न तो पीने के पानी की उचित व्यवस्था है न ही चेंजिग रूम की और न ही बाथरूम साफसुथरा रहता है जिससे संक्रमण के साथ ही बीमारियों का खतरा बना रहता है वहीं महिला एथलीटों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि इस ओर नगर निगम का ध्यान नहीं गया तो आगे और भी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, राजू पहलवान, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, रामकिषन यादव, सुनील यादव, रामनाथ यादव, ओमकार दुबे, राकेश श्रीवास, आदि ने नगर निगम कमिश्नर से मांग की है ।

**न वाकिंग की जगह न रनिंग की**

# स्वर्गीय पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी स्मृति पुष्पांजलि निर्भय दिवस कल

जबलपुर। अपराजेय विधायक पूर्व मंत्री मनसा वाचा कर्मणा से मानवता के लिए पूर्ण रूप से समर्पित स्वर्गीय पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी की 22 वीं पुण्यतिथि 13 सितंबर 2021 को वैश्विक महामारी कोरोना के कारण सादगी के साथ कल दिन सोमवार को मनाई जाएगी । इसमें स्मृति समिति एवं जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता, संयोजक राजेश पाठक प्रवीण, अनिल तिवारी, आलोक तिवारी एवं अनूप तिवारी ने बताया कि इसमें विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, विधायक विनय सक्सेना, पूर्व महापौर सुशीला सिंह एवं स्वाति सदानंद गोडबोले, नगर अध्यक्ष कांग्रेस दिनेश यादव, धीरज पटेरिया, पूर्व एमआईसी सदस्य श्री राम शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह यादव, पूर्व जेडीए अध्यक्ष विनोद मिश्रा के आतिथ्य में पुष्पांजलि का कार्यक्रम संपन्न होगा । जिसमें प्रात: 9:00 बजे दमोह नाका चौराहे पर एवं 10:00 बजे जेडीए स्कीम नंबर 41 में पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी नगर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि की जाएगी । समिति ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है ।

## स्नेह नगर विकास समिति का आयोजन

# सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति

**जबलपुर ।** नौ दिनी गणेशोत्सव पर्व के प्रारंभ में देश को महामारियों एवं अन्य संकटों से निजात दिलानं आज विकास समिति स्नेह नगर ने जनकल्याणार्थ कार्यालय में संगीतमय सुंदरकांड की भक्ति भाव पूर्ण प्रस्तुति दी श्रीराधे राधे ग्रुप जानकी नगर की श्रीमति कविता सिन्हा, डॉ अनिता दुबे, रुचि तिवारी, संगीता शुक्ला, विनोद दुबे, आर. एस. पाण्डे, रूपकिशोर प्यासी, साहेन्द्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में संकटमोचक श्री हनुमान जी एवं विघ्न विनाशक श्री गणेश जी से सामूहिक प्रार्थना की गई जिसमें देशवासियों की निरोगी काया एवं सुख-समृद्धि की कामना की गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया, आभार प्रदर्शन अंकिता तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया।

# बरवटी में दिन दहाड़े जेवरात, नकदी की चोरी

धूमा। सिवनी जिला के धूमा थाना से लगभग 2, 3 कि.मी. की दूरी पर जबलपुर रोड हाईवे पर ग्राम बरवटी में अज्ञात लोगों ने दिन दहाड़े सूने घर का ताला तोड़ कर जेवरात पार कर दिए। जानकारी के अनुसार लेखराम डेहरिया पिता स्वर्गीय श्री प्रकाश डेहरिया, के घर में गुरुवार को दोपहर 1:30 करिब जब लेखराम डेहरिया अपने घर पर ताला लगाकर गांव में ही खोवा लेने गये थे ओर उनकी पत्नी शारदा डेहरिया घर के पास लगभग 500 मी. दूर छोटी सी किराना दुकान चलाती है । अज्ञात लोगों ने दिन दहाड़े घर का सामने के दरवाजे का ताला तोड़ कर फिर गोदरेज का लॉक तोड़ कर लगभग 2 लाख के जेवर जिसमें एक जोड़ी सोने की झुमकी, 2 सोने की पत्ती, एक सोने का पेंडल, एक जोड़ी सोने के कंगन,2 सोने की अंगुठी, एक जोडी चांदी की छलबल, 1 करधन , 1 जोडी पायल चांदी के ओर 10 हजार रुपये नगदी लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद लेखराम डेहरिया घर लौटे और ताला टूटा देखकर घबरा गए। अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली थी और जेवर व नकदी गायब थे। डेहरिया समाज ने सिवनी जिले के कलेक्टर , एस. पी. ,लखनादौन एस. डी.ओ. पी. साहब , टी.ई. धूमा थाना से कार्यवाही की मांग की है।

# मंडल,सेक्टर और बूथ प्रभारियो की प्रदेश में सत्ता परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका होगी -सुनील जैन

जबलपुर। ग्रामीण (जिला ) कॉग्रेस कमेटी प्रभारी पूर्व विद्यायक सुनील जैन ने आज सुबह आडिटोरियम भेड़ाघाट में शहपुरा बेलखेड़ा ब्लाक के समस्त कार्यकर्यताओ की वैठक को सम्बोधित करते हुए कहा किट्ट प्रदेश में सत्ता परिवर्तन कराने की जिम्मेदारी मंडलम सेक्टर और बूथ प्रभारियो के हाथ में है , अब समस्त कॉग्रेसजन एकजुटता के साथ परिर्वतन के लिए संकल्पित है। आने वाले चुनाव में हम सभी प्रत्येक बूथ में जीत दर्ज करायेगे।



बैठक में विधायक संजय यादव ,राधेश्याम चौबे, डॉं नीलेश जैन, रामबाबू सिंह,दुर्जन सिंह सुनील जैन ,राजेश गुरु, ववुआ शुक्ला, प्रमोद शुक्ला,रामेश्वर गिरी, नेकराम पटैल,किशोर दुबे,आशीष जैन,दिलीप राय आदि कॉग्रेस जन उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा करेगी सेवा

# समर्पण कार्यक्रम

जबलपुर। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे इस हेतु भाजपा जबलपुर संभाग की संभागीय एवँ जिला स्तरीय बैठक संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। संभागीय बैठक में प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ, राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साँसद राकेश सिंह, प्रदेश महामंत्री एवँ संभाग प्रभारी शरतेन्दु तिवारी, जबलपुर महानगर प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में जबलपुर संभाग के जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों, सांसदों एवँ जिला प्रभारियों को आगामी कार्यक्रमो की कार्ययोजना बताई गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सह संगठन महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हमारे जननायक है और विश्व उनका लोहा मान रहा है और हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबो, दलितों, वंचितों, आदिवासियों, पिछडो एवँ किसानो के कल्याण में समर्पित रहते है ऐसे हमारे नेता के 71 वें जन्मदिवस पर संगठन ने कार्यक्रमों की रचना की है जिन्हें उनके जन्मदिवस 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक कियार्न्वनित करना है।

# पटना से भागकर मुंबई जा रहे थे दो नाबालिग

## आरपीएफ ने चाइल्डलाइन के सुपुर्द किया

जबलपुर यश भारत। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सजगता के कारण दो नाबालिगों को संदिग्ध हालत देखा तो उन्हें पकड़कर सहानुभूति पूर्वक पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे मुंबई जा रहे थे । गाड़ी के जबलपुर स्टेशन पहुंचते ही वे दोनों पानी पीने के लिए स्टेशन में उतरे थे । इसी दौरान आरपीएफ टीम की नजर दोनों पर पड़ी तो उनसे पूछताछ की गई जिसके बाद पूरे घटनाक्रम का पता चलते ही दोनों किशोरों को आरपीएफ पोस्ट लाया गया बाद में सुरक्षा की दृष्टि से उनको चाइल्डलाइन के सुपुर्द कर दिया गया। उक्त कार्रवाई पोस्ट प्रभारी सीएस डावर के निर्देशन पर आरपीएफ टीम द्वारा की गई इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर स्टेशन पर गाडी संख्या 02150 आगमन के समय उप निरीक्षक भोला प्रसाद मेहरा साथ सउनि बी के यादव एवं स्टाफ प्रधान आरक्षक जयकरण मिश्रा, आरक्षक चेतराम प्रजापति एवं आरक्षक संजय प्रसाद गाड़ी अटेंड करते समय दो लड़के प्लेटफार्म न.-01 पर लावारिस घूमते हुए पाये जाने पर प्रधान आरक्षक जयकरण मिश्रा, द्वारा नाबालिक लड़को से पुछॅताछ करने पर संतोषजनक जवाब नही देने पर दोनॉं नाबालिग लड़को को रेसुब पोस्ट जबलपुर लाया गया। पोस्ट पर उपनिरीक्षक वीपी मेहरा द्वारा सहानुभूतिपूर्वक पुछॅताछ करने पर उन्होने अपना नाम विशाल कुमार पिता राजकमल राय उम्र 13 वर्ष निवासी योगिपुर शिवमन्दिर बिचली गली कंकडबाग थाना पत्रकार नगर जिला पटना एवं रोहित कुमार पिता धर्मेन्द्र राव उम्र 12 वर्ष निवासी योगिपुर षिवमन्दिर बिचली गली कंकडबाग थाना पत्रकार नगर जिला पटना होना बताया। उक्त दोनो बालको ने बताया कि राजेन्द्र नगर पटना के पास उनका घर है जहा पर वे पार्क मे घुम रहे थे घुमते-घुमते स्टेशन आ गए। और गा?ी पर मुम्बई जाने हेतु बैठ गये। जबलपुर स्टेंशन पर गा?ी आने पर पानी पीने के लिये स्टेषन पर उतरे थे, तभी आरपीएफ स्टाफ द्वारा रोका गया व पूछताछ की गई। दोनो बच्चों के परिजनों को सूचित किया गया। परिजनो द्वारा बताया गया कि दोनों बच्चे घर से भाग कर गये। बाद उक्त दोनो नाबालिक बच्चों का जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में मेडिकल करवाया गया। पाक-साफ रिपोर्ट प्राप्त होने पर उक्त दोनों नाबालिग बच्चो को चाइल्ड हेल्पलाइन जबलपुर संस्था के सदस्य नीलम व रत्नेश मेसराम को परिजनो के आने तक समझाईस दे कर कि बच्चों को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर उनके माता-पिता (संरक्षक/अभिभावक) को सुपुर्द किया जाये।



## तिलवारा में शातिर चोरों का कारनामा

# इंटरलॉक तोड़कर जेवरात समेत ले उड़े गृहस्थी का सामान

जबलपुर, यशभारत। थाना तिलवारा के अवनीविहार इलाके में दरमियानी रात शातिर चोरों ने एक सूने मकान के मेन गेट का इंटरलॉक तोड़कर घर में रखे जेवरात समेत गृहस्थी का सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। जब पीड़िता घर वापस आई तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जिसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर, अब सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार श्रीमती मेघा ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी अवनीविहार कालोनी शास्त्रीनगर ने पुलिस को बताया कि लगभग 2 माह से अपनी बहन सोनम के पते पर किराये से रह रही है, उसके पति इंदौर में रहते हैं जो आते जाते हैं । जब वह अपने मकान के मेन दरवाजे तथा लोहे के दरवाजे पर ताला लगाकर जेडीए कॉलोनी अपनी बहन सोनम के साथ बहन नीलम ठाकुर के यहां गयी थी। जब वह दोपहर लगभग 12 बजे वापस घर आयी देखा लोहे के मेन गेट का इंटर लाक टूटा था तथा गेट एवं मकान का मेन दरवाजा लकड़ी वाला तथा कमरे के अंदर रखी आलमारी खुली थी। सामान बिखरा पड़ा था आलमारी में रखे नगदी 10 हजार रूपये, एक सोने के टाप्स, 1 लौंग, चांदी की पायल,, दीवाल में लगी एलसीडी , होमथियेटर, किचिन में रखा गैस सिलेण्डर एचपी कम्पनी का तथा चूल्हा गायब था । शातिर चोर दरम्यिानी रात में सूने मकान के लोहे के गेट का इंटरलाक तोड़कर लकड़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर नगदी , जेवर एवं सामान चोरी कर उड़ गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## आवश्यकता है

स्वास्थ्य एवं भारतीय जीवन बीमा निगम कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है। संपर्क करें (सेलरी पांच अंकों में) मार्केटिंग वालों को प्राथमिकता

**पता- अशोका होटल के बाजू में, त्रिवेणी हॉस्पिटल के सामने मो. 9300068860, 7691912082, 7987249262**

# मजबूरी से जरूरत की ओर वर्क फ्रॉम होम

**वैश्विक महामारी कोविड ने दुनियाभर की जीवनशैली को अनगिनत तरीकों से बदल डाला है। जो एक बदलाव रोजगार प्रक्रिया में लंबे समय तक बने रहने की संभावना लिए है, वह है वर्क-फ्रॉम-होम (घर बैठे काम) वाली व्यवस्था। यह चलन अब लगभग सभी कंपनियों के कामकाज का अभिन्न अंग बन गया है, फिर चाहे यह देशी हो या विदेशी। हालांकि किसी उद्योग-धंधे या निर्माण कार्य में कामगार-मजदूरों की जगह कोई अन्य नहीं ले सकता या सेवा-क्षेत्र के कर्मियों की जगह कोई नहीं ले सकता जहां उपभोक्ता से सीधे जुड़ने की जरूरत पड़ती है। लेकिन अन्य गतिविधियां, जो दूर से की जा सकती हैं, वे अब घर से संचालित हो रही हैं।**



बतौर एक मीडिया कर्मी, मैं स्वयं स्टूडियो पहुंचकर काम करने की जगह अब घर के आरामदायक माहौल में स्काइप काल के जरिए अपने काम को अंजाम दे रही हूं। ज्यादातर मध्यवर्गीय परिवारों में यही आलम है, जहां रोजाना दो-चार पहिये वाले वाहनों से दफ्तर पहुंचकर काम करने के बजाय लोग अब अपने घरों से काम कर रहे हैं। अब जबकि लग रहा है कि कोविड की दूसरी लहर का अवसान हो रहा है, लगातार यह सवाल उठ रहा है कि क्या मौजूदा चलन हमारे लिए स्थायी व्यवस्था अथवा जीवनशैली बनने जा रहा है। या पहले की तरह दफ्तरों में भौतिक उपस्थिति वाली रीत वापस आ जाएगी।

**ऑन लाइन पढ़ाई में तल्लीन एक बच्ची।**

फिलहाल उक्त सवाल का उत्तर जटिल है। कई कंपनियां कार्यस्थल पर कर्मचारी की भौतिक उपस्थिति को चरणों में वापस लागू करने की योजना बना रही हैं तो कुछ अन्य घर बैठे काम वाले इंतजाम से संतुष्ट हैं और इसे लंबे समय तक जारी रखने के पक्ष में हैं। कुछ आईटी कंपनियां, मसलन-टीसीएस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि 75 फीसदी कार्यबल अगले पांच साल तक घर से काम करेगा। यहां तक कि पेप्सीको और यूनीलीवर जैसी कंपनियां, जिनका धंधा उपभोक्ता की रोजमर्रा इस्तेमाल की वस्तुओं पर टिका है, उन्होंने भी अपने कम-से-कम एक-तिहाई कर्मियों को अगले कुछ सालों तक घर से काम करने को कहा है। यह साफ है कि अंततः आगे चलकर एक संकरित कार्य व्यवस्था बनेगी, जिसमें कुछ कर्मियों को घर से काम करवाया जाएगा तो अन्यों की वापसी दफ्तरों में होगी। यह भी हो सकता है कि कार्यबल रोजाना दफ्तर आने के बजाय हफ्ते में कुछ दिन ही आया करेगा। प्रत्येक कंपनी अपने हिसाब से ऐसा फार्मूला लागू करने का यत्न कर रही है ताकि कामकाज प्रभावशाली होने के साथ अधिकतम कार्यकुशलता वाला बन पाए।

ऑनलाइन शिक्षण के दौरान एक टीचर।

## सबको नहीं आ रहा रास

परंतु यह प्रक्रिया एकदम लकीर-रहित नहीं हो सकती। इसके पीछे कारण यह है कि घर बैठे काम सभी कर्मियों को रास नहीं आ रहा। तथ्य यह है कि सेवा क्षेत्र की वैश्विक कंपनी जेएलएल ने अपने अध्ययन में पाया है कि 82 फीसदी तक कर्मी दफ्तरों में अपने सहयोगियों के साथ पारस्परिक व्यवहार को बेतरह याद कर उदास हैं। इसके पीछे कारण अनेकानेक हैं। एक तो यह कि घर सामान से भरा रहता है और परिवार वालों के बीच काम करना थकाऊ और ध्यान बंटने वाला हो जाता है। अन्य वजहों में से एक है दफ्तरी सहयोगियों के साथ परस्पर मेलजोल हमारी रचनात्मकता एवं नवीनता को पंख लगाने को महत्वपूर्ण होता है। इसके अलावा वरिष्ठों से सीखने की प्रक्रिया और सहयोगियों के साथ चुनौतीपूर्ण स्पर्धा जूम काल की बनिस्पत दफ्तरों की भौतिक उपस्थिति में कहीं ज्यादा बेहतर ढंग से हो पाती है। तीसरा कारण, यह तथ्य कि घर बैठे काम करना अंततः दफ्तर और घर के बीच फर्क की लकीर को धूमिल कर देता है, इसलिए कि घर वापसी पर चैन पड़ने की अनुभूति या कार्यस्थल पहुंचकर काम की जो ललक बनती है, वह नहीं रही। घर से काम करने का एक घाटा यह भी है कि जहां एक ओर कार्यावधि के घंटे अनंत हो जाते हैं वहीं मालिकों को लगता है कि जब मर्जी चाहें अपने मातहतों से फोन करके जवाबतलबी कर लो, चाहे दिन हो या रात।इससे एक ऐसा मानसिक स्वास्थ्य मसला बनता जा रहा है, जो घर से काम करने की वजह से निरंतर बढ़ता रहा है। ऐसी खबरें हैं कि इस मुद्दे को लेकर मनोचिकित्सकों से परामर्श लेने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। मिलान (फ्रांस) स्थित रोजगार कंपनी आई ग्रुप का अध्ययन बताता है कि सर्वे में भाग लेने वाले 48 प्रतिशत लोगों का कहना है कि कोविड-19 जनित परिस्थितियों ने उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है, हालांकि कुछेक ने ही इससे निपटने के कोई उपाय किए हैं। अन्य संबंधित कारण यह हैं कि सामान्य काल में सामाजिक मेलजोल या अन्य गतिविधियों से जो सुकून मिलता है।

## नये किस्म का बना कार्य माहौल

इतना ब कहने के बाद, इसमें कोई शक नहीं कि कोविड ने एक पूरा नये किस्म का कार्य माहौल बना डाला है जो विश्व में क्रांतिकारी परिवर्तन कर देगा। मसलन, रोजगार उपलब्धि केवल नियोक्ता के भौतिक पते तक सीमित नहीं रही। छोटे शहरों-कस्बों के प्रशिक्षित लोगों को अब घर बैठे वह काम मिल सकता है जो पहले बड़े शहरों में बसने वाले पा लिया करते थे, क्योंकि अधिकतर कॉर्पोरेट कार्यालय वहीं होते हैं। महिलाओं को भी बहुत फायदा हुआ है। एक शिक्षित महिला के लिए पहले यह असमंजस रहता है कि घर रहकर बच्चे-गृहस्थी संभालने को तरजीह दे या फिर बाहर निकलकर पूर्णकालिक नौकरी करे, घर बैठे काम वाली व्यवस्था ने यह समस्या हल कर दी है। आने वाले सालों में इस इंतजाम से कार्यबल में महिलाओं की संख्या में बहुत भारी इजाफा हो सकता है। जैसा कि विदित है, पिछले कई सालों से महिला कार्यबल की भागीदारी में भारी कमी दर्ज होने लगी थी।घर बैठे काम करना अपाहिजों के लिए भी वरदान है। जो लोग एक ही जगह बैठकर काम कर सकते हैं, किंतु उन्हें दूरदराज दफ्तर पहुंचने में शारीरिक दुश्वारियां पेश आती हैं, वे अब निर्बाध रूप से कामकाजी हो सकते हैं। घर से काम वाली व्यवस्था ने उन्हें नये विकल्प प्रदान किए हैं, क्योंकि अब रोजगार की संभावना उसी खित्ते तक सीमित नहीं रही जहां कोई रहता है। जरूरी नहीं कि भावी नियोक्ता उसी देश का हो जहां कोई बसता है और दुनियाभर में कहीं भी कार्यबल में शामिल होने का विकल्प अब एक हकीकत है। घर बैठे काम ने उन लोगों के लिए नये मौकों का पूरा संसार खोल दिया है, जिनके पास कौशल तो है, लेकिन वे वहां तक भौतिक रूप से नहीं पहुंच पाते थे जहां अक्सर भीड़भाड़ भरे दफ्तरों का समूह हुआ करता है। बेशक यह व्यवस्था सभी के लिए हल नहीं हो सकती, क्योंकि ज्यादातर कार्यस्थलों पर आगे भी काम पहले की भांति अधिकांशतः कर्मियों की मार्फत होगा। परंतु इससे उन लोगों में उम्मीद जगी है जो आम दिनों में आवाजाही की दिक्कतों के चलते रोजगार नहीं पा सके थे। अब उनके सामने कई राहें खुल गई हैं। इसमें कोई शक नहीं कि घर बैठे काम में कमियां भी हैं, जिन्हें सुधारने की जरूरत है। तथापि दूरदराज के इलाकों से काम करने वाली प्रणाली, जो पिछले साल बनी वैश्विक महामारी के बाद पैदा हुई है, निश्चित रूप से मौजूदा रिवायती रोजगार माहौल में एक स्वागतयोग्य क्रांति है।

-सुषमा रामचंद्रन

# उपभोक्ता अधिकार

## सही सामान देना दुकानदार की जिम्मेदारी

छह माह पहले मैंने 7800 रुपये की एक सिल्क साड़ी खरीदी। हालांकि, कोविड-19 के कारण, बाहर कहीं जाना नहीं हुआ और इसके चलते कभी यह साड़ी पहनी भी नहीं। पिछले पखवाड़े जब मैंने पैकेट खोला तो पाया कि साड़ी के बॉर्डर पर एक बड़ा छेद है-लग रहा था कि यह साड़ी बनाते वक्त का डिफेक्ट है। संयोग से मेरे पास रसीद सुरक्षित थी, लेकिन दुकानदार ने यह कहकर साड़ी बदलने से इनकार कर दिया कि इसे खरीदारी के 15 दिनों के भीतर लाना चाहिए था। उसने मुझे रसीद के पीछे लिखे नियम एवं शर्तों की सूची भी दिखाई जिसमें लिखा था 'कोई वापसी नहीं, सिर्फ एक्सचेंज हो सकता है वह भी 15 दिनों के भीतर।' उसके अनुसार, मुझे साड़ी खरीदने से पहले जांच कर लेनी चाहिए थी और वह इसकी गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार नहीं है। यहां मेरे अधिकार क्या हैं?असल में हम 'चेतावनी एम्प्टर' या 'खरीदार को सावधान रहने दें' या 'चेतावनी विक्रेता' या 'विक्रेता को सावधान रहने दें' की पुरानी अवधारणा से दूर चले गए हैं-जिसका अर्थ है कि विक्रेता अपने द्वारा बेचे जाने वाले सामान के लिए जिम्मेदार है। इसलिए सबसे पहले तो आपसे खरीदने से पहले चेक करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। दूसरी ओर, दुकानदार की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि वह दोष मुक्त माल बेचता है। यानी डिफेक्ट फ्री सामग्री बेचना उसकी जिम्मेदारी है। अगर कोई डिफेक्ट है तो इसके लिए वह जिम्मेदार है। इसके साथ ही रसीद पर छपे वे एकतरफा नियम और शर्तें दोष-मुक्त उत्पाद के आपके अधिकार या धनवापसी या रिप्लेसमेंट के आपके अधिकार या उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत प्रदान किए गए आपके निवारण के अधिकार को नहीं छीन सकते। नए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में ऐसे मामलों से निपटने के लिए कुछ प्रावधान जोड़े गए हैं। नए कानून के तहत डिफेक्टिव सामान को वापस लेने और उत्पाद की लागत वापस करने से इनकार करने को एक अनुचित व्यापार प्रैक्टिस माना गया है। वर्ष 2019 का उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं को न केवल दोषपूर्ण वस्तुओं और अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ, बल्कि इस तरह के अनुचित अनुबंधों के निवारण का अधिकार भी प्रदान करता है। इस प्रकार, 'उपभोक्ता पर कोई अनुचित शुल्क, दायित्व या शर्त लगाना जो ऐसे उपभोक्ता को नुकसान पहुंचाता हो' एक अनुचित अनुबंध है।सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ शीर्ष उपभोक्ता अदालत (राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग) ने सेवा प्रदाताओं के साथ-साथ निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं द्वारा तैयार की गई अन्यायपूर्ण और असमान अनुबंध शर्तों को लागू नहीं करने योग्य (अप्रवर्तनीय) करार दिया है।नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ऐसे एकतरफा नियमों और शर्तों के खिलाफ उपभोक्ताओं के अधिकारों को और मजबूती प्रदान करता है। इसलिए अपने दुकानदार को यह सूचित करते हुए पत्र लिखें कि आप उपभोक्ता अदालत जा रहे हैं-यदि वह समझदार होगा तो या तो सामान बदलेगा या उसके बदले पैसा लौटाएगा क्योंकि यदि आपने उपभोक्ता अदालत में शिकायत दर्ज करा दी तो उसे वकील और मुआवजे के तौर पर कहीं ज्यादा आपको भुगतान करना पड़ेगा।

# आप का राशिफल 13 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

## फिल्म वर्ग पहेली- 5547



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी आँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5546**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | त | बा | र | | जु | र्म | | जी | |
| त | | द | | क | र्मा | | घा | त | क |
| रा | हु | ल | | री | ना | रा | य | | र्म |
| ज | | | हि | ना | | जा | ल | | यो |
| | फ | की | रा | | शी | बा | | बा | गी |
| क | र्ज | | स | नी | | बू | म | | |
| र | | शी | त | ल | | | हा | सि | ल |
| म | हा | न | | क | न्या | दा | न | | व |
| | द | | ना | म | | दा | ता | | स्थे |
| सं | सा | र | | ल | की | | | नू | री |

Jagrutidaur.com, Bangalore

दृश्यमान जगत

# भ्रमजाल से परे है गीता में माया की अवधारणा

दृश्यमान जगत को प्रभु की माया कहा गया है। आम बोलचाल की भाषा में माया का अर्थ है धोखा, भ्रान्ति या झूठी दिखावट। इसलिए, कुछ लोगों का मानना है कि दुनिया केवल एक भ्रमजाल है। भगवद्गीता इस विचार को स्वीकार नहीं करती। वह नहीं मानती कि संसार के सभी प्राणी, वस्तुएं और घटनाएं अवास्तविक हैं। माया ईश्वर की वह शक्ति है जो उसे ब्रह्मांड का सृजन करने में सक्षम बनाती है। यह वह ऊर्जा है जिसके द्वारा ईश्वर हरदम परिवर्तनशील संसार का निर्माण और पालन-पोषण करता है। इसलिए निर्मित ब्रह्मांड को माया भी कहा गया है। भगवान श्रीकृष्ण श्लोक संख्या 4.6 में कहते हैं कि यद्यपि वे अजन्मे, अविनाशी और समस्त जीवों के स्वामी हैं; तो भी वे अपनी प्रकृति में स्थित होकर अपनी ही आंतरिक शक्ति (आत्म-माया) के द्वारा प्रकट होते हैं। दूसरे शब्दों में परमात्मा माया के माध्यम से अपना रूप धारण करते हैं। 7.4 से 7.6 के श्लोकों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की व्याख्या की गयी है। यह बताया गया है कि ईश्वर के दो प्रकार के स्वभाव हैं, पहला भौतिक प्रकृति (लौकिक स्वभाव) और दूसरा चेतन प्रकृति (अलौकिक स्वभाव)। पहले स्वभाव में शामिल हैं पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि एवं अहं-भाव; और दूसरा स्वभाव है आत्मा। भौतिक प्रकृति नाशवान है, आत्मा अमर और अविनाशी है। समस्त प्राणी इन दो स्वभावों से ही उत्पन्न होते हैं। ईश्वर सम्पूर्ण जगत को पैदा करने वाला और उसका विनाश करने वाला है। इस प्रकार सम्पूर्ण ब्रह्मांड ईश्वर के इन दो स्वरूपों के द्वारा ही बनाया गया है। यही विषय कि सभी प्राणी भौतिक और चेतन प्रकृति के संयोग से ही पैदा होते हैं, श्लोक संख्या 13.27, 14.3 और 14.4 में भी दोहराया गया है। चूंकि भौतिक प्रकृति और चेतना, दोनों ईश्वर के ही स्वभाव हैं, वे ही पूरे ब्रह्मांड की माता और उनके पिता भी हैं। श्लोक संख्या 7.7 में कहा गया है कि यह सम्पूर्ण जगत ईश्वर में ऐसे ही गुंथा रहता है, जैसे माला के मोती धागे में गुंथे रहते हैं। इसके अलावा श्लोक संख्या 18.61 में कहा गया है कि ईश्वर समस्त प्राणियों के हृदय में निवास करते हुए, उन्हें अपनी माया के द्वारा, इस जगत में ऐसे घुमाता रहता है, जैसे वह किसी यन्त्र पर आरू? हों। इस प्रकार, ईश्वर अपनी रहस्यमय शक्ति माया के द्वारा न केवल ब्रह्मांड का निर्माण करते हैं, बल्कि उसी शक्ति के माध्यम से इसे व्यवस्थित ढंग से चलाने का काम भी करते हैं। सभी प्राणियों के हृदय में विराजमान, वे (ईश्वर) जीवन के विकास की प्रक्रिया को भी बल देते हैं। श्लोक संख्या 16.8 और 16.9 में यह स्पष्ट किया गया है कि ईश्वर द्वारा अपनी माया के माध्यम से बनाया गया दृश्यमान जगत वास्तविक है, न कि एक भ्रम। श्लोक संख्या 7.14 में माया के अन्य रहस्यों का खुलासा करते हुए भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि तीन गुणों से युक्त उनकी (ईश्वर की) इस दिव्य माया को पार कर पाना बहुत कठिन है।

## सूडोकु नवताल- 6071

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6070 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |



## विचार प्रवाह

मेरी वाणी कठोर हो सकती है लेकिन जिंदगी क सार इसी कठोर वाणी में है। तुम चाहते हो कि मैं तुम्हारे जख्मों पर मरहम पट्टी कर दूं और उन्हें छोड़ दूं। पर मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि यह जरूरी है। बीमारी का लक्षण मिटाने सेबीमारी नहीं मिटती। तुम्हें बुखार चढ़ा हो और ठंडे पानी में बैठ जाओ तो शरीर तो ठंडा हो जाएगा। साथ में तुम भी ठंडे हो जायेगा। साथ में तुम भी ठंडे हो जाओगे। लक्षणों का इलाज नहीं करना है, बल्कि बीमारी का इलाज करना रोग मोह है, इलाज मोक्ष है।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7144



**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

**शब्द पहेली -7143 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# 15 सितंबर तक भोपाल में सभी को पहला डोज लगाने का लक्ष्य
# अभी एक लाख 46 हजार बाकी



**भोपाल ।** भोपाल में 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को 15 सितंबर तक कोरोना से बचाव के टीके का पहला डोज लगाने का लक्ष्य है, लेकिन अभी भी एक लाख 46 हजार लोगों का टीकाकरण बाकी है। रविवार को अवकाश के चलते 10 हजार के नीचे ही टीकाकरण होने की उम्मीद है। बचे तीन दिन में लक्ष्य पूरा होना बेहद कठिन है। अब जिला प्रशासन के अफसरों को 17 सितंबर को होने वाले टीकाकरण महाअभियान से उम्मीद है। बता दें कि छुट्टी के दिन भी सरकारी अस्पतालों में टीकाकरण किया जा रहा है, लेकिन लोग टीका लगवाने के लिए नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी की वजह से 4600 लोग ही टीका लगवाने के लिए पहुंचे। इनमें पहला डोज सिर्फ 1149 लोगों ने ही लगवाया। शनिवार को भी 7034 लोग ही टीका लगवाने के लिए आए। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. उपेन्द्र दुबे ने बताया कि छुट्टी के दिन कम लोग टीका लगवाने के लिए आते हैं, इस कारण रविवार को सिर्फ 13 सरकारी अस्पतालों में टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर तक सभी को पहला डोज लगाने का लक्ष्य पूरा हो पाना मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को प्रदेशभर में टीककरण महाअभियान चलाया जाएगा। इसमें करीब 75 हजार लोगों का पहला और दूसरा डोज लगाने का लक्ष्य है। बता दें कि भोपाल में 19 लाख 50 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। 15 सितंबर तक सभी को पहला डोज लगाने के लिए शहर में छह मोबाइल वैन भी चल रही हैं। इनमें कुछ गांधी नगर और कुछ बैरसिया क्षेत्र में हैं। दोनों क्षेत्रों में 2454 लोगों को अभी तक वैन में टीका लगाया गया है।

# कोलार में बंद पड़ा मंदाकिनी चौराहे का ट्रैफिक सिग्नल



**भोपाल ।** राजधानी भोपाल के उपनगर कोलार में लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए चार महीने पहले ट्रैफिक सिग्नल तो लगा दिए गए, लेकिन ये ज्यादा दिनों तक नहीं चल सके। बार-बार सिग्नल बंद होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपनी मनमर्जी से वाहन चलाते हैं। लाल, पीली, हरी बत्ती नहीं जलने से मंदाकिनी चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था भगवान के भरोसे चल रही है। पीक आवर्स में यानी सुबह 10 से दोपहर 12 और शाम पांच से सात बजे तक रोजाना ट्रैफिक का दवाब अधिक होने से जाम की स?थिति बन जाती है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बंद सिग?नल को चालू करने के लिए न तो ट्रैफिक पुलिस सक्रिय है और न ही नगर निगम, बिजली कंपनी व लोक निर्माण विभाग। रहवासियों की निरंतर मांग के बाद क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने संबंधित एजेंसी नगर निगम, लोक निर्माण विभाग ,ट्रैफिक पुलिस और बिजली कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित करके कोलार में नयापुरा और मदांकिनी चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगवाए थे। शुरुआत में तो सिग्नल चले और ट्रैफिक व्यवस्था भी ठीक रही। जाम नहीं लगा। पर सिग्नलों में तकनीकी खराबी आने से बंद हो गए। अभी मंदाकिनी चौराहा का सिग्नल काम नहीं कर रहा है। नयापुरा का कभी चालू तो कभी बंद रहता है। इससे लोगों को परेशानी होती है। कोलार मुख्यमार्ग पर पीक आवर्स में 50 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। सिग्नल बंद होने से भीतरी कॉलोनियों में आवाजाही करने वाले वाहनों के कारण जाम लग जाता है। ट्रैफिक पुलिस के जवानों को मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाना पड़ता है। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि जल्द ही निरीक्षण कर सिग्नल चालू कराए जाएंगे।

# स्थाई कर्मी 12 सितंबर को भोपाल में जुटेंगे, विधानसभा अध्यक्ष होंगे शामिल



**भोपाल।** प्रदेश भर के स्थाई कर्मी ने 12 सितंबर को भोपाल के चार इमली रेस्टा हाउस में सम्मेलन बुलाया है। इसमें मप्र विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम भी हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन मप्र स्थाईकर्मी कल्याण संघ के नेतृत्व में बुलाया है। प्रदेश में इनकी संख्या 48 हजार से अधिक है। ये नियमित करने की मांग कर रहे हैं। अभी इन्हें कुशल, अकुशल और अर्धकुशल की श्रेणी में रखा गया है। वर्तमान में वेतन 12 से 18 हजार रुपये दिया जा रहा है। इस बात से ये नाराज हैं।स्थाई कर्मी कल्याण संघ के अध्यक्ष शारदा से परिहार ने बताया कि 10 साल से स्थाई कर्मी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करवा रहे हैं। हर बार आश्वासन मिला है। मांगे नहीं मानी जा रही है। स्थाई कर्मी 20 साल से भी अधिक समय से विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व में दैनिक वेतन भोगी के नाम से जाना जाता था। साल 2016 से स्थाई कर्मी नाम दे दिया है लेकिन शासकीय कर्मचारियों का दर्जा नहीं दिया जा रहा है।

### शोषण किया जा रहा

स्थाई कर्मियों का कहना है कि उनसे 12-12 घंटे काम लिया जा रहा है जो कि शोषण है और एक तरह से श्रम नियमों की अनदेखी है। कर्मचारी को समय से वेतन नहीं मिल रहा है। कोई वरिष्ठा सूची नहीं है नौकरशाह जब चाहे सेवा से पृथक कर देते हैं। कार्य के दौरान यदि दुर्घटना में किसी प्रकार की क्षति हो जाए या मृत्यु हो जाए तो अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता नहीं है और ना ही चिकित्सा सुविधा मिल रही है। 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बावजूद भी न शासकीय कर्मचारियों का दर्जा न शासकीय कर्मचारियों के समान सुविधा मिल रही है। उपेक्षा से स्थाईकर्मियों में आक्रोश है। स्थाई कर्मी नियमित कर्मचारियों के समान सातवां वेतनमान, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा सुविधा, चिकित्सा अवकाश सहित आदि समस्त मूलभूत सुविधाएं दी जाएं।

# रातापानी अभयारण्य में तितली सर्वे... 55 प्रजातियों की रंगबिरंगी तितलियां मिलीं, बाघ संरक्षण में भी मिलेगी मदद



**भोपाल ।** टाइगर स्टेट वाले मप्र में बाघों की बढ़ती आबादी को सुरक्षित करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। प्रदेश में अभी सर्वाधिक 526 बाघ हैं। यह कुनबा और बढ़ने की संभावना है। भविष्य में बाघों को भोजन का संकट न हो, इसलिए टाइगर रिजर्व और सामान्य जंगल में शाकाहारी चीतल, हिरण जैसे वन्यजीवों को एक से दूसरे रिजर्व व जंगल में छोड़ा जा रहा है। इन सबसे अलग 48 बाघों की मौजूदगी वाले रातापानी वन्यजीव अभयारण्य में प्रदेश सरकार ने पहली बार तितली सर्वे शुरू कराया है। इसमें तितलियों की प्रजातियों की पहचान की जा रही है। शनिवार को सर्वे में 55 से अधिक प्रजातियां मिली हैं। रविवार को भी सर्वे होगा। तितलियों के संरक्षण के लिए भविष्य की योजना बनाई जाएगी। इस कार्ययोजना को अमल में लाने से शाकाहारी वन्यजीव बढ़ेंगे। जंगल की खाद्य श्रृंखला मजबूत होगी। इसका फायदा बाघों को होगा। अभी रातापानी से बाघ शिकार के लिए भोपाल, सीहोर, होशंगाबाद, बुधनी के आसपास आबादी तक पहुंचते हैं। खासकर बार-बार भोपाल-इटारसी रेलवे ट्रैक को पार करते हैं। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से 10 साल में 12 से अधिक बाघ, तेंदुए व भालू जान गवां चुके हैं। मांसाहारी जानवरों को खाद्य श्रृंखला मजबूत होने से भरपूर शिकार मिलेगा। वे जंगल से बाहर नहीं निकलेंगे। इस तरह उनका भविष्य सुनहरा होगा। लोग भी बाघों के टकराव से बचेंगे।

### कैसे, बाघों के लिए सुखद संयोग होती हैं तितलियां

वन्यप्राणी विशेषज्ञ और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय संचालक अनिल नागर बताते हैं कि तितलियों की उपस्थिति जैव विविधता को दर्शाती हैं। उनका पाया जाना यह बताता है कि किसी क्षेत्र विशेष में तरह-तरह के पौधे व वनस्पतियां हैं। इन पौधों व वनस्पतियों से छोटे व शाकाहारी जानवरों को भोजन मिलता है। इस तरह खाद्य श्रृंखला मजबूत होती है और इसकी सबसे ऊपरी पायदान पर रहने वाले बाघ को भी अच्छा आहार मिलता है। इसके अलावा तितलियां जलवायु की अच्छी स्थिति भी बताती हैं। यदि किसी क्षेत्र या जंगल में कई प्रकार की तितलियां हैं तो वहां का पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत है, क्षेत्र विशेष की जलवायु बेहतर है। उसमें निरंतर बदलाव नहीं हो रहे हैं। प्रदूषण का असर नहीं है। ये स्थितियां अंतत- हर वन्य जीव के लिए बेहतर रहवास का निर्माण करती हैं।

### प्रदेश में हैं 150 प्रजाति की तितलियां

देश के अलग-अलग राज्यों में तितलियों की 14,00 प्रजातियां होने का अनुमान हैं। इनमें से मप्र में करीब 150 प्रजातियां की पहचान हुई है। वन विहार नेशनल पार्क में 2015 व 2020 में हुए सर्वे में 36 प्रजातियां मिली हैं। इनमें ब्लू टाइगर, फैंसी, मोरमोन, कामन ग्रास यलो, प्लेन टाइगर आदि शामिल हैं। होशंगाबाद के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और हिल स्टेशन पचमढ़ी में 2017 में किए सर्वे में 126 प्रजातियां मिली थीं। इनमें इंडियन नवाब, कामन नवाब, आरेंज आकलीफ, काल जेजेबेल आदि शामिल हैं।

### तितलियों की मौजूदगी ऐसे सुनहरा बनाएगी बाघ समेत दूसरे वन्यजीवों का भविष्य

औबेदुल्लागंज सामान्य वन मंडल के डीएफओ विजय कुमार ने रातापानी में 55 से अधिक प्रजातियों की तितली मिलने की पुष्टि की है। जिनमें कामन जेजेबेल, ग्रेट एग फ्लाई, ग्रे-पेंसी, लेमन पेंसी, चाकलेट पेंसी, लेमन ग्रास आदि प्रजाति की तितलियां शामिल हैं। सर्वे पूरा होने के बाद इन्हें संरक्षित करने के लिए देशभर के विशेषज्ञों से सलाह लेंगे। उसी के अनुरूप अभयारण्य में तितली संरक्षण की योजना बनाएंगे। मसलन तितलियां विशेष तरह की घास, पौधे, फलदार झाड़ियों में जीवन व्यतीत करती हैं, इसलिए अभयारण्य में घास के मैदान विकसित करेंगे। पौधे व झाड़ियां लगाएंगे। साथ ही विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप सभी प्रयास किए जाएंगे। इससे शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या बढ़ेगी, जो बाघ समेत दूसरे वन्यजीवों के लिए भोजन की भरपाई करेंगे। सर्वे पूरा होने के बाद कार्य योजना पर काम शुरू कर देंगे।

# यूजी व पीजी की नौ लाख 78 हजार सीटें खाली, कॉलेज लेवल काउंसिलिंग से भरने की उम्मीद



**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 1301 निजी और सरकारी कालेजों की यूजी-पीजी की करीब साढ़े 12 लाख सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यूजी में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग जारी है, जबकि पीजी की खत्म हो गई है। अब तक यूजी व पीजी के दूसरे चरण की काउंसिलिंग को मिलाकर नौ लाख 78 हजार सीटें खाली है, जो अब कालेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) से भरे जाने की उम्मीद है। पीजी के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हुई। इस दौरान 41 हजार आवंटित सीटों में से साढ़े 29 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं यूजी में पहले व दूसरे राउंड में 10.30 लाख सीटों में से अब तक दो लाख 13 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। अभी यूजी में आवंटित सीटों के लिए आवंटन पत्र डाउनलोड कर विद्यार्थी 14 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं। हालांकि अब तक आठ लाख 16 हजार सीटें खाली हैं। इसी तरह पीजी की दो लाख 34 हजार सीटों में केवल 72,490 सीटें ही भरी हैं।

### यूजी में दूसरे चरण में साढ़े 24 हजार विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

यूजी में दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। दूसरे चरण के लिए 1,15,258 सीटें आवंटित की गई हैं। इसमें शनिवार तक 69,459 विद्यार्थियों ने आवंटन पत्र डाउनलोड किए हैं। वहीं यूजी में 24,565 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। इसमें से 13,380 छात्राओं और 11,185 छात्रों ने आनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश लिया है।

# आरोग्य केंद्र में कोलोन हाईड्रोथेरेपी मशीन स्थापित, पेट की सफाई में है कारगर



**भोपाल ।** संत हिरदारामजी के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित बैरागढ़ के आरोग्य केद्र को कोलोन हाईड्रोथेरेपी मशीन दान में मिली है। संत हिरदारामजी के उत्तराधिकारी संत सिद्धभाऊ ने इसका लोकार्पण किया। कोलोन हाईड्रोथेरेपी मशीन की मदद से पेट की सफाई प्राकृतिक तरीके से की जा सकती है। पानी को पहले पेट तक पहुंचाया जाता है, फिर पानी के साथ ही पेट एवं आंतों में जमा अपशिष्ट बाहर निकला जाता है। इस मशीन की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। प्राकृतिक चिकित्सा के लिए प्रदेश भर में प्रसिद्ध आरोग्य केंद्र के मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा। अपने संबोधन में संत सिद्धभाऊ ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति सस्ती है लेकिन कारगर है। कई बीमारियों का इलाज इससे हो सकता है। पेट खराब होने से कई बीमारियां होती है। मशीन की मदद से बीमारी से बचा जा सकेगा।

### दरियानी परिवार ने दान में दी मशीन

यह मशीन सुगनी एवं देवनदास दरियानी ने दान में दी है। दरियानी परिवार की मानव सेवा के प्रतीक संत हिरदारामजी मे अटूट श्रद्धा रही है। लोकार्पण समारोह में आरोग्य केंद्र के महासचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि अच्छे काम के लिए दिया गया दान हमेशा सार्थक होता है।जिनको इस मशीन से स्वास्थ्य लाभ होगा उनकी दुआएं भी दान देने वालों को मिलेंगी। लोकार्पण समारोह में केंद्र के प्रभारी चिकित्सक गुलाबराय टेवानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, भरत चावला एवं शहीद हेमू कालानी शिक्षण संस्थान के सचिव एसी साधवानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। यह मशीन सुगनी एवं देवनदास दरियानी ने दान में दी है ज्ञानचंदानी ने दानदाताओं का सम्मान किया।

# प्रदेश के लेखकों की किताबों का होगा आनलाइन संकलन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के लेखक और उनकी पुस्तकों के दस्तावेजीकरण यानी डाक्युमेंटेशन का काम मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत लेखकों का परिचय छायाचित्र सहित एक निश्चित फार्मेट में गूगल लिंक के माध्यम से साहित्य अकादमी की वेबसाइट से जोड़ा गया है। इसके बाद प्रदेश के लेखकों की पुस्तकें पीडीएफ फार्मेट में डालने की योजना है। इस पर कार्य शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट में करीब एक साल लग सकता है, क्योंकि पृष्ठ संख्या एक लाख से अधिक होने का अनुमान है। साहित्य की सभी विधाओं में लिखी गई हिंदी की किताबें इसमें आनलाइन की जाएंगी। इसमें कविता, कहानी, उपन्यास निबंध, व्यंग्य और हिंदी गजलें शामिल हैं। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि साहित्यकार कोष की तरह यह ओपन प्लेटफार्म होगा। यानी कोई भी लेखक अपनी पुस्तक यहां प्रदर्शित कर सकेगा। अकादमी द्वारा पुस्तकों का अध्ययन करने के बाद मंजूरी मिलते ही किताब वेबसाइट पर दिखने लगेगी। इसके माध्यम से कोई भी पाठक किसी भी लेखक की किताब ऑनलाइन पढ़ सकेगा। कोरोनाकाल के बाद से इसकी जरूरत महसूस की जा रही थी। इस साल 80 रचनाकारों को मिलेगा अनुदान - प्रदेश के ऐसे रचनाकार जिनकी कोई पुस्तक नहीं छपी है, उन लेखकों की पाण्डुलिपियों के प्रकाशन के लिए मप्र साहित्य अकादमी द्वारा 20 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। डॉ. दवे ने बताया कि पहले सिर्फ युवा लेखकों को यह अनुदान मिलता था, लेकिन अब आयु का बंधन खत्म कर दिया गया है। जिन रचनाकारों की पांडुलिपि का प्रकाशन होगा, उन?हें अनुदान दिया जाएगा। इस वर्ष कुल 80 लोगों को अनुदान दिया जा रहा है। इसमें 102 वर्षीय इंदौर के विश्वंभरनाथ तिवारी की पांडुलिपि भी शामिल है। सूची संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव को भेजी गई है।

# भेल प्रबंधन नहीं सुलझा पा रहा नई शॉप पॉलिसी का मामला



**भोपाल।** साल 2014 से चला आ रहा नई शॉप पॉलिसी का मामला भेल प्रबंधन नहीं सुलझा पा रहा है। भेल टाउनशिप के व्यापारियों ने मामले पर बीच का रास्ता निकलाने के लिए कई बार भेल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोला, लेकिन प्रबंधन सात साल बाद भी नई शॉप पॉलिसी की समस्या का निराकरण नहीं कर पा रहा हैं। भेल प्रबंधन के निर्देश पर भेल नगर प्रशासन आए दिन व्यापारियों की दुकानों पर नई शॉप पॉलिसी के तहत पांच गुना से बढ़े हुए किराए के बिल भेज रहा है और व्यापारी विरोध के चलते किराया जमा नहीं कर रहे हैं। इससे भेल को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। गौरतलब है कि भेल टाउनशिप में 1420 दुकानें हैं। साल 2014 में भेल प्रबंधन ने नई शॉप पॉलिसी लागू करते हुए दुकानों का किराया बढ़ा दिया था। तभी से भेल व्यापारी महासंघ विरोध कर रहा है। महासंघ के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा का कहना है कि जो व्यापारी एक दुकान का किराया 150 से 5000 तक जमा करते थे, उन दुकानों का किराया 5000 से लेकर 18000 मासिक से भी अधिक कर दिया है। नगर निगम प्रशासन की दुकान किराया दरों से भी अधिक किराया भेल प्रबंधन वसूलना चाह रहा है। भेल प्रबंधन के अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं और कह चुके हैं कि अब भेल टाउनशिप की आबादी मात्र 25 हजार है, पहले करीब दो लाख हुआ करती थी। आबादी कम होने से भेल टाउनशिप की दुकानें ज्यादा नहीं चलती हैं। ऐसे में बढ़ा हुआ किराया देना व्यवसायियों के लिए मुश्किल है। बीच का रास्ता निकाला जाए। इस पर भेल प्रबंधन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। भेल नगर प्रशासक का साफ कहना है कि व्यवसायियों को बढ़ा हुआ किराया ही देना पड़ेगा। नहीं तो दुकानों से बेदखली की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# होम्योपैथी अस्पताल में जल्द शुरू होगी कलर डाप्लर सोनोग्राफी की सुविधा

**भोपाल।** आयुष परिसर में स्थित प्रदेश के एकमात्र सरकारी होम्योपैथी कालेज में जल?द ही मरीजों की कलर डाप्लर मशीन से सोनोग्राफी की जा सकेगी। इसके लिए यहां पर नई मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल की अधीक्षक डा. सुनीता तोमर ने बताया कि पहले से एक सोनोग्राफी मशीन है, लेकिन यह साधारण सोनोग्राफी मशीन है। यह पुरानी भी हो चुकी है। इस कारण जांच में उतनी स्पष्टता नहीं रहती है। अब इसकी जगह कलर डाप्लर सोनोग्राफी की सुविधा शुरू की जाएगी। इससे सोनोग्राफी में सभी अंग अच्छे से देखे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि छोटे सरकारी होम्योपैथी अस्पतालों से भी मरीज रेफर होकर यहां पर सोनोग्राफी के लिए आते हैं। डिजिटल एक्सरे की सुविधा अस्पताल में पहले से है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अलग-अलग विशेषता वाले ओपीडी भी संचालित किए जा रहे हैं। इसमें शिशु रोग, त्वचा रोग आदि शामिल हैं।डा. सुनीता तोमर ने बताया होम्योपैथी कालेज की तरफ से गैर-संचारी रोग से बचाव के लिए शहर में पांच सौ लोगों को दवाओं की किट बांटी जाएगी। आधी किट ग्रामीण क्षेत्रों में और आधी शहरी क्षेत्र के लोगों को बांटे जाएंगे। इस किट में आई ड्राप भी शामिल रहेगा। इसके अलावा प्रतिरोधक क्षमता अच्छी रखने और संक्रमण से बचाव की दवाएं भी इस किट में दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर्स डे है। इसके संदर्भ में लोगों को दवा बांटने के साथ ही जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अल्जाइमर्स डे पर जागरूकता के लिए कालेज में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

# नीट एग्जाम में राजधानी से शामिल हो रहे 16 हजार परीक्षार्थी !

**भोपाल।** चिकित्सा महाविद्यालयों में दाखिले के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से रविवार को नीट-2021 की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस बार राजधानी भोपाल में नीट की परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें भोपाल और आसपास के जिलों से 16 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक यह परीक्षा होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को सुबह 11 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग का समय दिया गया। लेकिन इसके पहले ही परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। बाहर से आने वाले परीक्षार्थी अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर कोविड गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। इसके दिशा-निर्देश भी परीक्षा केंद्रों पर चस्पा किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करना है। साथ ही थ्री लेयर्ड मास्क पहनना अनिवार्य है। इस बार परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड के साथ-साथ एक अंडरटेकिंग भी जारी की गई है। सभी कैंडीडेट्स अपने साथ आईडी प्रूफ, एडमिट कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंच रहे हैं। राजधानी के सीबीएसई स्कूलों में ही अधिकतर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुबह 8 बजे से ही दूसरे जिले से आए उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे। सभी अभ्यर्थी अपने माता-पिता के साथ परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग करने सुबह 11 बजे से ही पहुंच गए थे। कई अभ्यर्थी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से सीधे परीक्षा केंद्र पहुंच गए थे। अभ्यर्थियों ने कहा कि सुबह से ही रिपोर्टिंग करने का समय था, इस कारण परीक्षा केंद्र पर पहुंच रहे थे। परीक्षा केंद्रों पर उम्मीदवारों को कोविड गाइडलाइन का पालन करने के लिए माइक से दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

## सैला नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों ने किया आलाधिकारियों का स्वागत

# कलेक्टर, एसपी ने किया ग्रामीण अंचलों का भ्रमण





*नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने जिले के ग्रामीण वनांचलों ऊसरी, गौरछापर, आलोद एवं गोरखपुर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आलाधिकारियों ने ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा कर उनकी समस्यायें जानी एवं मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।*

सेवा सहकारी समिति मर्यादित ऊसरी सेल्समेन से चर्चा करते हुए हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। उनसे खाद्य स्टाक उपलब्धता एवं उसकी गुणवत्ता एवं अन्न उत्सव कार्यक्रम के बारे में भी पूछा। समिति प्रबंधक को सख्त निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने राशन दुकान के बाहर खाद्यान्नों की दर की सूची भी प्रदर्शित कर दुकान की पुताई एवं आवश्यक दस्तावेज संधारण करने कहा। मौके पर मौजूद पटवारी से गिरदावरी की प्रगति एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी भी प्राप्त की।

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास-ग्रामीण की भी जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा आलाधिकारियों ने कोविड टीकाकरण में सभी को सहभागी बनने एवं मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम गौरछापर में अधिकारियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आदिवासी परम्परा के अनुरूप सैला नृत्य की प्रस्तुति दी और अधिकारियों का स्वागत किया। आन विराजे गांव हमारे- जिले के मुखिया महोदय की आकर्षक प्रस्तुति नृत्य के माध्यम से की। गांव का भ्रमण करते हुए सरपंच विनोद कुमार से कोविड टीकाकरण, मवेशी टीकाकरण, समग्र आईडी, वनाधिकार पट्टे वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति एवं उसके क्रियान्वयन के बारे में पूछा। ग्रामीणों द्वारा पीने के पानी की समस्या को बताया गया, जिसमें कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि गांव में पेयजल की समस्या का शीघ्र ही निदान किया जायेगा। बच्चों के मनोरंजन व खेलकूद के लिए खेल सामग्री का वितरण एवं खेल मैदान को बेहतर कराने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिये।

### हितग्राही रामकुमार को कराया गृह प्रवेश

कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम गौरछापर में प्रधानमंत्री आवास- ग्रामीण योजना के हितग्राही रामकुमार को गृह प्रवेश करवाकर शुभकामनायें प्रेषित की। ग्राम पंचायत आलोद के पंचायत कक्ष में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्राम रोजगार सहायक को पंचायतों की दीवारों का सदुपयोग शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने दिये। उन्होंने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पात्र हितग्राहियों के गरीबी रेखा के कार्ड, समग्र आईडी एवं आयुष्मान कार्ड भी बने, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। इसके पश्चात ग्राम पंचायत गोरखपुर में भ्रमण के दौरान निर्मल नीर, कपिल धारा कूप, स्टाप डेम निर्माण कर जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ाने के लिए भी ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया।

## 122 व्यक्तियों पर लगा 7 हजार से अधिक का जुर्माना



**नरसिंहपुर यभाप्र।** रोको- टोको अभियान के तहत शनिवार 11 सितम्बर को जिले के 8 नगरीय निकायों में बगैर मास्क के घूमने वाले 122 व्यक्तियों पर 7 हजार 590 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। मास्क नहीं लगाने पर नगरीय निकाय क्षेत्र नरसिंहपुर में 14 व्यक्तियों पर 810 रूपये, गाडरवारा में 18 व्यक्तियों पर 1400 रूपये, करेली में 9 व्यक्तियों पर 850 रूपये, गोटेगांव में 6 व्यक्तियों पर 320 रूपये, तेंदूखेड़ा में 22 व्यक्तियों पर 1100, चीचली में 4 व्यक्तियों पर 200, सांईखेड़ा में 28 व्यक्तियों पर 1260 रूपये तथा नगर परिषद सालीचौका में 9 व्यक्तियों पर 450 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा 12 व्यक्तियों पर 1200 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

### 252 लोगों को मास्क का निः शुल्क वितरण

जिले के 8 नगरीय निकायों में 252 लोगों को मास्क का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके अलावा नगरीय निकाय नरसिंहपुर में 42, गाडरवारा में 20, करेली में 55, गोटेगांव में 30, तेंदूखेड़ा में 45, चीचली में 6, सांईखेड़ा में 37, सालीचौका में 17 लोगों को मास्क का निः शुल्क वितरण किया गया।

## मनीषा राय बनी महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत दिवस महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति अर्चना जायसवाल के द्वारा मप्र कलचुरी समाज की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति मनीषा राय को महिला कांग्रेस कमेटी का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।



सामाजिक एवं रचनात्मक सांस्कृतिक गतिविधियों में सदैव संलग्न रहने वाली मनीषा राय को केवल महामंत्री ही नहीं बल्कि जबलपुर संभाग की प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह राज्यसभा सांसद विवके तन्खा सुरेश पचौरी एन.पी. प्रजापति पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया तरूण भनौट विधायक संजय शर्मा सुनीता पटैल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां प्रेषित की जा रही है।

## पंडालों में बप्पा के दर्शन दुर्लभ घर-घर विराजे श्री गणेश

**करेली यभाप्र।** कोरोना महामारी के कारण पंडालों में गणेश प्रतिमा नहीं रखी गई हैं। 10 सितंबर 2021 को श्री गणेश चतुर्थी पर नगर के पंडालों में गणेश प्रतिमा की स्थापना नहीं की गई। इस बार नगर में पंडालों में गणेश मूर्ति के दर्शन मिलना दुर्लभ दिखाई पड़ रहा है। अभी तक एक भी जगह पर पंडालों में मूर्ति की स्थापना नहीं की गई है। इस बार बच्चों में गणेश प्रतिमा की स्थापना के लिए उत्सुकता देखी गई। बाजार से गणेश प्रतिमा को ले जाने में बच्चों की चहल-पहल दिखाई पड़ी। इस बार पंडालों की अपेक्षा घरों में गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। नगर के अरविंद वर्मा के घर पर थर्माकोल आकर्षण मंदिर में मनमोहक श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई।




## मुरम की जगह डाली जा रही काली और पीली मिट्टी साईड पट्टियों पर फंस रहे वाहन

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** तेंदूखेड़ा से डोभी होकर चांवरपाठा तिगढ्डा तक बन रहे सीमेंट सड़क मार्ग अपने निर्माण काल से ही विसंगतिपूर्ण और गुणवत्ता को ताक पर रखकर संबंधित ठेकेदार की मनमानीपूर्ण कार्यशैली के लिए चर्चित रहा है। मार्ग पूर्ण होने के पूर्व ही जहां तहां से दरार खाने उखड़ने की भी की फोटोएं अखबारों में सुर्खियां बनती रहीं है। इसके बाबजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों का बरदहस्त होने के कारण विसंगतियां हमेशा लोप होती रही है। अब स्थिति यह बन गई है कि जैसे तैसे सड़क मार्ग गुणवत्ता को ताक पर रखकर पूर्ण होने की स्थिति में तो आ गया है लेकिन साईड पट्टियों में जहां मुरम भरी जानी थी वहां काली और पीली मिट्टी डालकर लीपापोती के साथ-साथ वाहनों से साईड लेते वक्त छोटे और बड़े वाहन इस काली और पीली मिट्टी में फंसकर गिरते हुए नजर आ रहे है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार काचरकोना के चीरा तिगढ्डा से इमझिरा की बरांझ नदी के पुल तक आये दिन घटनाएं घटित हो रही है, तथा बाजू से डाली गई मिट्टी में टेक्टर तथा कारें कीचड़ में फंस रही है। हाल ही में हुई थोड़ी सी बारिश इस सड़क मार्ग पर चलने वालों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। चूंकि अनेंकों बार समाचार पत्रों के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया तो गया लेकिन यह विषय नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर ही रह गया है। संबंधित निर्माणकर्ता भी अब खुलकर अपनी मनमानी पर अमादा हो चला है।

## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा वितरण केन्द्र, सोनोग्राफी रूम, प्रसव पूर्व कक्ष, ट्राइऐज रूम, ओपीडी, लिफ्ट, प्रसाधन, शिशु वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाईए आईसीयू, जिला टीकाकरण केन्द्र, ऑक्सीजन प्लांट, सेंट्रल पैथोलॉजी लैबए रसोई, आदि की स्थिति को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया।



### अस्पताल में हो बेहतर साफ-सफाई

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रोहित सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि अस्पताल में गंदगी नहीं हो। मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। लिफ्ट में गंदगी होने पर तत्काल इसे साफ करवाने कहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए कक्षों में आकर्षक पोस्टर एवं पेंटिंग कार्य करवाया जाये। मरीजों को सभी स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध हो।

### अस्पताल में हो परिजनों के लिए बेहतर बैठक व्यवस्था

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रोहित सिंह ने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों की अस्पताल एवं परिसर में बेहतर बैठक व्यवस्था हो। अस्पताल में स्थित रसोई का निरीक्षण करते हुए कहा कि पेयजल एवं भोजन की बेहतर गुणवत्ता हो। मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो। प्रसाधनों में साफ-सफाई नियमित रूप से की जायें। परिजनों के बैठने वाले स्थानों पर पंखे एवं बिजली की व्यवस्था रहे। परिसर में बंद पड़ी लिफ्ट को सुधरवाने के निर्देश भी उन्होंने दिये। उन्होंने कहा कि एक मरीज के लिए एक बेड हो इसकी व्यवस्था की जाये।

### कक्षों के बाहर हो स्पष्ट नाम

कलेक्टर रोहित सिंह ने कहा कि अस्पताल के विभिन्न कक्षों के बाहर उनका नाम बड़े अक्षरों में हिंदी में सरल एवं स्पष्ट शब्दों में उल्लेखित हो, जिससे कि मरीजों का उनके साथ आये परिजनों को किसी भी प्रकार की तकलीफनहीं हो। अस्पताल में फायर सेफ्टी उपकरण चालू रहे। निरीक्षण में कलेक्टर रोहित सिंह ने निः शुल्क दवा वितरण केन्द्र पर जाकर वहां उपलब्ध दवाईयों की जानकारी ली। उन्होंने मौजूद स्टाफसे कहा कि दवाईयां जो उपलब्ध नहीं हैं, उसकी सूची बनाकर प्रदान करें। आयुष्मान कार्ड केन्द्र में जाकर वहां बनने वाले कार्डों की भी विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इलाज के लिए आये मरीजों एवं उनके परिजनों से भी चर्चा की। कन्हारपानी से इलाज के लिए आयी श्रीमती कौशल्याबाई का कुशलक्षेम पूछते हुए उन्होंने कहा कि दवाई, भोजन समय पर मिलता है या नहीं। इलाज में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं। इसके पश्चात उन्होंने जिला टीकाकरण स्टोर कक्ष, आईसीयू एवं परिसर में स्थित ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया।

## मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाये जाने दिये गये आवश्यक सुझाव



**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत दिवस ग्राम पंचायत ढिलवार के अंतर्गत आने वाली ग्राम पीपरवानी में एक दिवसीय मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी देने पहुंचे कृषि वैज्ञानिक आर.एन. पटैल एच.एस. लोधी रिडायर्ड सहायक संचालक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एन.एस. पटैल के द्वारा मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाये जाने को लेकर आवश्यक उपाय बताये, वहीं जैविक खाद का उपयोग करने पर जोर दिया। वर्तमान में विभिन्न फसलों में की जा रही कीट व्याधियों के रोकधाम हेतु रासायनिक दवाईयों के कारण जहां विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म ले रही है वहीं मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी दिनों दिन घटती चली जा रही है। इन सब कारणों से मुक्ति पाने के लिए जैविक खेती ही एक मात्र उपाय बताया गया। वहीं पशु पालन पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि पशु पालन से जहां देशी खाद की प्राप्ति होगी वहीं पशु पालन से हम आत्मनिर्भर भी बन सकते है। शिविर में उपस्थित बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी खेती से संबंधित विभिन्न समस्याओं के बारे में भी खुलकर चर्चा की एवं उपस्थित अधिकारियों ने उनका समाधान भी बताया। इस मौके पर रमाकांत कौरव सी.एन. धाकड़ अनूप सिंह जयवार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## तेंदूखेड़ा थाने में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**नरसिंहपुर यभाप्र।** बीते शनिवार को पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी राजेश शाह के मुख्यातिथ्य एवं एस.डी.ओ.पी. श्रीमति मेहंती मरावी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें गणेश उत्सव पर्व एवं पर्यूषण पर्व कोविड की गाइडलाईन एवं धारा 144 को दृष्टिगत रखते हुए शांति पूर्वक मनाये जाने की बात रखी गई। स्पष्ट किया गया कि पंडालों में विद्युत साज-सज्जा को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण सुरक्षा एवं पालकों की देखरेख में ही किया जायें। डी.जे. बगैरा सभी प्रतिबंधित रहेगें। मूर्ति विर्सजन चयनित स्थानों पर ही किये जायेंगे। चल समारोह पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। सोशल डिस्टेंशिग और मास्क का पूरा ध्यान रखा जाये। नगर में डोल ग्यारस पर निकाले जाने वाला चल समारोह भी पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। केवल धार्मिक आयोजनों ही संपन्न होगें। राजनैतिक एवं सामाजिक भीड़ वाले सभी कार्यक्रम प्रतिबंधित रहेंगे। साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रहे, नगर के उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराते हुए स्पष्ट किया है कि आवारा मवेशियों एवं गंदगी फैलाने वाले सुअरों सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों के सींगों में रेडियम लगाने जगह जगह मुख्य सड़क मार्गों पर लग रही मांस की दुकानों एवं मांस मंडी के अलावा अन्यत्र लगाई जा रही दुकानों को तत्काल प्रभाव से निर्धारित स्थान पर लगाये जाने सड़कों पर अनावश्यक रूप से पानी बहाने वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही सहित विभिन्न बिन्दुओं पर काफी विस्तार से चर्चाएं की गई। इस बैठक में तहसीलदार लालशाह जगैत, नगर निरीक्षक श्रृंगेश राजपूत, सी.एम.ओ. श्रीकांत पाटर के साथ-साथ महेंद्र तिजोड़ी वाले सुनील जैन, विष्णु शर्मा, राजीव अग्रवाल, संतोष पटैल रवि नामदेव, जे.एल. सेन, रमेश सेन, राजू पाली, मनोज जैन, पुरूषोत्तम राय, आशाराम जाटव, अशोक ठाकुर, गुलाब पाली, गगन अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने किया विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर कार्यालय, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं कल्याण विकास, सामाजिक न्याय, नजूल शाखा, प्रसाधन, रिकार्ड रूम, आधार केन्द्र, कोषालय, मप्र ग्रामीण बैंक आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर एवं कार्यालय में व्याप्त गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की और तत्काल संबंधित अधिकारियों को इसे साफ सुथरा एवं बेहतर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिसर में तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी सिगरेट आदि करने वाले व्यक्तियों पर एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया जाये। नवीन जनसुनवाई हॉल के समीप स्थान पर रखी पुरानी सामग्री को हटवाने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि विभागों के दस्तावेज बेतरतीबी से न रखे जायें। दस्तावेजों का संधारण व्यवस्थित तरीके से हो। जिन अलमारियों में दस्तावेजों को रखा जा रहा है, उनके सामने दस्तावेजों की सूची स्पष्ट रूप से चस्पा की जाये। कलेक्ट्रेट परिसर के वॉटर प्यूरीफायर के सुधरवाने के निर्देश दिये। साथ अस्त- व्यस्त तरीके से गये इंटरनेट एवं बिजली के तारों को व्यवस्थित करने एवं परिसर में रखी प्राचीन मूर्तियों को साफकर व्यवस्थित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी ड्यूटी के दौरान यूनिफार्म में रहें। उनके लिए बैठक व्यवस्था हो एवं उनके टेबल पर नाम व पदनाम की नेमप्लेट भी हो। इसके अलावा कर्मचारियों-अधिकारियों की टेबल पर एक समान कपड़ा रखवाने के भी निर्देश दिये। ई गवर्नेस मैनेजर को परिसर में सीसीटीवी कैमरे चालू एवं उसका व्यू कलेक्टर कक्ष में करवाने के भी निर्देश दिये।

## बीईओ और बीआरसी ने ली अशासकीय स्कूलों की बैठक





**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस स्थानीय बीटीआई स्कूल में बीईओ प्रतापनारायण एवं बीआरसी चंदन शर्मा द्वारा साईंखेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत 73 अशासकीय शालाओं के प्रभारियों की बैठक ली गई।

बैठक में प्रभारियों से नामांकन एवं प्रवेश सबंधी जानकारी हासिल की गई। इसके अलावा लाटरी के दौरान प्राप्त सूची अनुसार प्रवेशित बच्चों की संख्या पर चर्चा के अलावा मैपिंग एवं प्रोफाइल अपडेशन पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अशासकीय शालाओं में छात्रवृति के असफल भुगतानों की चर्चा करते हुए बैंक खाते सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ऑनलाइन कक्षाओ के संचालन एवं कोविड 19 गाइडलाइन का पालन करते हुए विद्यालयों के संचालन की बात पर जोर दिया गया तथा नवीन प्रवेशित दिव्यांग बच्चों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीएसी संदीप स्थापक, योगेंद झारिया, मनीराम मेहरा एवं जनशिक्षकों के अलावा अशासकीय विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य एवं प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

# अनन्या ने ट्रोलर्स को दो टूक में दिया जवाब




कपड़ों को लेकर ट्रोल किए जाने पर अनन्या पांडे ने दो टूक जवाब देते हुए कहा है कि वह इसकी परवाह नहीं करती हैं। उन्हें जो पसंद है, वही करती हैं। करीना कपूर के चैट शो 'वट वूमेन वॉन्ट' में अनन्या पांडे ने कहा कि वह खुश रहने और कम्फर्टेबल रहने पर फोकस करती हैं और नकारात्मकता से बचती हैं। करीना से बात करते हुए अनन्या ने कहा मैंने जब शुरूआत की थी तो इस बात का ध्यान रखती थी कि वह ड्रेस पहनी जाए, जिससे लगभग हर किसी को खुशी मिले। लेकिन अब मैं ऐसी ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, जो मुझे पसंद हो और जिससे मुझे खुशी मिलती हो। जैसा कि मैंने शुरूआत में ही कहा कि जब तक मैं खुश और कम्फर्टेबल हूं, तब तक मुझे कोई दिक्कत नहीं है। अनन्या ने कहा कि जब बात ट्रोलिंग की आती है तो फिर मैं चाहे जो करूं या फिर पहनूं, यह तो होना ही है। इसलिए जब तक मैं खुश और कम्फर्टेबल हूं, तब तक इस बात की कोई चिंता नहीं है। मैं जब तक खुश हूं और जब तक इंस्टाग्राम पर अपलोड करने के लिए अच्छी तस्वीर आती हैं, तब तक मैं खुश हूं।

# 'ब्लैक और हिचकी' करते वक्त काफी कुछ सीखा : रानी मुखर्जी



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि फिल्म 'ब्लैक' में एक गूंगी-बहरी लड़की मिशेल मैकनैली और फिल्म 'हिचकी' में टॉरेट सिंड्रोम की मरीज नैना माथुर के किरदार को निभाते वक्त उन्होंने मानवता के बारे में काफी कुछ सीखा। उन्होंने कहा, 'ब्लैक' और 'हिचकी' जैसी बेहतरीन सेंसिटिव फिल्मों को करते वक्त मैंने मानवता के बारे में काफी कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इन फिल्मों ने मुझे एक अच्छा इंसान बनना सिखाया है और मैं



खुशकिस्मत हूं कि मुझे इन फिल्मों में काम करने और संजय लीला भंसाली व सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा के इस खूबसूरत सिनेमाई परिदृश्य का हिस्सा बनने का मौका मिला है। मैं उम्मीद करती हूं कि इन फिल्मों के माध्यम से समाज में यह संदेश पहुंचा हो कि हर किसी के साथ समान बर्ताव करना चाहिए।

# एक्टिंग ही नहीं स्पोर्ट्स में भी चमके हैं ये सितारे...

टेलिविजन और बॉलीवुड इंडस्ट्री एक ऐसी जगह जहां हर कोई अपनी किस्मत बनाने आता है। यह एक ऐसी दुनिया है जो हर किसी का दिल खोल कर स्वागत करती है। चाहे वह कोई आम आदमी हो या फिर कोई खिलाड़ी हो हर कोई इंडस्ट्री में अपने आपको उभारना चाहता है। जी हां, बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे हैं जो अभिनय करने से पहले खेल में अपने देश का नाम रोशन कर चुके हैं। आज इस खास रिपोर्ट में हम आपको उन सितारों से रूबरू कराते हैं जो अभिनय करने से पहले देश का परचम फहरा चुके हैं।

**दीपिका पादुकोण:** ओम शांति ओम से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने करियर में सफलता की ऊंचाईयों को छू रही है। पर बहुत से ऐसे लोग हैं जो यह नहीं जानते होंगे कि वह अपने स्कूल के दिनों में वह एक बैडमिनटन खिलाड़ी रह चुकी है। उन्होंने नेशनल लेवल पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा वह बास्केटबॉल के स्टेट लेवल टूर्नामेंट खेल चुकी है।





**रनदीप हुडा:** जिस्म-2, हाइवे, सरबजीत जैसी फिल्मों में अपने शानदार एक्टिंग के जरिए बॉलीवुड में अपनी एक खास पहचाने बनाने वाले अभिनेता रनदीप हुडा नियमित रूप से प्रोफेशनल हॉरस राइडिंग में भाग लेते रहते है। जिसमें पोलो और शो जम्पिंग शामिल है। हुडा न केवल खेल-कूद में भाग लेते है बल्कि उन्होंने इस क्षेत्र में कई मैडल भी जीते हैं।

**अनूप ठाकुर:** साउथ की फिल्मों में विलन की भूमिका में नजर आने वाले अनूप ठाकुर अपने अभिनय के दम पर लोगों के दिलों पर राज करते है। वह एक्टर से पहले बॉडीबिल्डर है। 2015 में बैंकाक में हुए बॉडीबिल्डर के मुकाबले में अनूप ने गोल्ड मैडल जीता है। इसके अलावा भी इन्होंने ब्रांज मैडल एशियन चैंपियनशिप में अपने नाम किया। इस समय भी वह एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्पोंट पर भी पूरा ध्यान दे रहे है।



**प्राची तेहलान:** शो इक्यावन की सुशील को तो सभी जानते है। पर बहुत से लोग यह नहीं जानते होगे कि वह एक अभिनेत्री से पहले एक स्पोंटपर्सन है। एक्टिंग के क्षेत्र में आने से पहले वह नेटबॉल और बास्केटबॉल प्लेयर है। जिन्होंने 2010 के कॉमनवैल्थ गेम में भारत की नेटबॉल टीम को अपनी कैप्टनशिप में रिप्रेजेंट किया है। प्राची के कैप्टनशिप में भारतीय टीम ने साउथ एशियन बीच गेम में अपना पहला मैडल जीता था।

**सिद्धार्थ निगम:** चक्रवतीन अशोका सम्राट शो से मशहूर सिधार्थ निगम एक्टिंग से पहले जिम्नास्टिक रह चुके है। इन्होंने इंटरनेशनल लेवल पर जिम्नास्टिक में भारत को रिप्रेजेन्ट किया है। आज उनकी जिम्नास्टिक की प्रैक्टिस उनके शो अलाउदीन की शूटिंग में काफी मददगार साबित हो रही है।

**मिलिंद सोमन:** एक्टर और फिल्म प्रोड्यूसर मिलिंद सोमन एक इंटरनेशनल स्वीमर है। सोमन ने महज दस साल की उम्र में इंटरनेशनल लेवल पर महाराष्ट्र को रिप्रेजेन्ट किया है। इन्होंने इंडिया को स्वीमिंग में साउथ एशियन गेम्स में रिप्रेजेन्ट किया। इसके साथ ही यह एक रनर भी है और कई मैराथॉन रेस के विजेता रह चुके है। 2015 में मिलिन ने आयरनमैन चैलेंज कम्पिलीट की और तभी इन्हें आयरनमैन के खिताब से नवाजा गया।

**विद्युत जामवाल:** काम्नडो, फॉरस, बुलेट राजा आदि जैसी शानदार फिल्मों में अभिनय कर चुके एक्टर विद्युत जामवाल अपनी फिल्मों में एक्षन सीन को खुद करने वाले एक्टरों में आते है। फिल्मों में आने से पहले विद्युत ने 25 देशों में जाकर लाइव एक्शन शो कर चुके है। यह भी रेगुल्लर स्पोंट से जुड़े रहे है।

बॉलीवुड में कई ऐसे सितारें हैं जो अभिनय करने से पहले खेल में अपने देश का नाम रोशन कर चुके हैं। आज इस खास रिपोर्ट में हम आपको उन सितारों से रुबरू कराते हैं जो अभिनय करने से पहले देश का परचम फहरा चुके हैं।

## पूजा बनर्जी

आज के समय में पूजा बनर्जी छोटे पर्दे का फेमस चेहरा है जो लाखों दिलो पर राज करती है। पर यह भी उन कलाकारों की लिस्ट में शामिल है जो एक्टिंग से पहले स्पोर्ट्स में अपना शानदार करियर बना चुकी थी। पूजा एक नैशनल लेवल स्वीमर हैं। जिन्होंने महाराष्ट्र को नेशनल लेवल स्वीमिंग टूर्नामेंट में रिप्रेजंट किया था।



# आदित्य नारायण का शादी में फट गया था पजामा, शेयर किया मजेदार किस्सा

बॉलीवुड सिंगर आदित्य नारायण ने हाल ही में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड श्वेता अग्रवाल के साथ शादी की है।

कई दिनों से उनकी शादी की फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। हर जगह बस आदित्य की शादी की ही चर्चा है। ऐसे में अब आदित्य की शादी से जुड़ा एक ऐसा किस्सा सामने आया है। आदित्य ने शादी के दौरान का एक फनी किस्सा शेयर किया है जिसे जानकर आपकी भी हंसी छूट जाएगी। दरअसल, शादी के दौरान आदित्य नारायण का पजामा फट गया था तो ऐसे में उन्हें अपने एक दोस्त की मदद लेनी पड़ी। मीडिया से बातचीत के दौरान आदित्य से पूछा गया शादी के दौरान आपका सबसे यादगार पल कौन-सा रहा?

इसके जवाब में उन्होंने कहा, मुझे मेरे दोस्त का पजामा पहनना पड़ा था। जब श्वेता को वरमाला पहनाने के लिए मुझे उठाया गया तो मेरा पजामा फट गया था। ऐसे में फेरों के लिए मुझे दोस्त से उनका पजामा मांगना पड़ा।

शुक्र है कि मेरी और मेरे दोस्त की कद-काठी एक जैसी है। आदित्य, श्वेता के साथ शादी करने से पहले उनके साथ 11 साल तक रिलेशन में रहे। उनका कहना है कि श्वेता से शादी करना सपना सच होने जैसा है।



'मुझे मेरे दोस्त का पजामा पहनना पड़ा था। जब श्वेता वरमाला पहनाने के लिए मुझे उठाया गया तो मेरा पजामा फट गया'



# 'तूफानी सीनियर' हिना खान ने समुद्र किनारे कराया जबरदस्त बोल्ड फोटोशूट

टीवी एक्ट्रेस और रियलिटी शो बिग बॉस 10 का हिस्सा रह चुकीं हिना खान मालदीव में है। हिना वहां से लगातार अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरें फैंस के साथ पोस्ट कर रही है। एक्ट्रेस की ये तसवीरें सुर्खियां बटोर रही है। यकीन मानिए तूफानी सीनियर के इन तस्वीरों को देखकर आपका दिल भी उनपर लट्टू हो जाएगा।

कुछ देर पहले उन्होंने अपनी हद से ज्यादा बोल्ड फोटो पोस्ट की है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। नागिन एक्ट्रेस हिना खान मालदीव अपने ब्वॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल और अपने माता-पिता के साथ गई है। इस दौरान हिना अपनी कई तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रही है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पर्पल बिकिनी में एक तस्वीर पोस्ट की है। एक्ट्रेस की ये तस्वीर इंटरनेट पर तहलका मचा रही है।

इसे शेयर कर कैप्शन में उन्होंने रेड हार्ट बनाया है। वहीं, हिना खान इस तस्वीर में सुपर हॉट दिख रही है। समुद्र किनारे रेत पर लेट कर पोज देते हुए उन्होंने ये तस्वीर क्लिक करवाई है। एक्ट्रेस का ये अंदाज काफी दिलकश है, जो उनके चाहने वालों का दिल लूट रहा है।

# नई कार्यप्रणाली से होगी सत्ता की राह आसान

**मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जिसको लेकर राजनैतिक सरगर्मियां भी बढ़ गई हैं। वहीं कांग्रेस अब मध्य प्रदेश में अपनी जमीन मजबूत करने के उद्देश्य से एक नई कार्यप्रणाली को लेकर आई है, जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जिलों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस बदली हुई कार्यशैली को लेकर ही आज हम यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में नवनियुक्त जबलपुर जिले के प्रभारी व प्रदेश के प्रतिष्ठित नेता और सागर के पूर्व विधायक सुनील जैन से चर्चा की जिसमें प्रदेश में कांग्रेस के संगठन को लेकर मिल रही चुनौतियों के विषय में जाना**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

### संगठन को मजबूत करने की कवायद

संगठन को लेकर अचानक बड़ी सरगर्मियोंको लेकर किए गए सवाल पर श्री जैन का कहना है, इस बार भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देने के लिए संगठन का विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ को मजबूत करने कहा गया है ।ताकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी इन्हीं मजबूत कार्यकर्ताओं के बल पर अपनी सरकार बना सके।

### पिछली बार हुए धोखेबाजी के शिकार

श्री सुनील जैन का कहना है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कॉन्ग्रेस का संगठन अत्यंत मजबूत था। इसी मजबूत संगठन के बल पर हमने विधानसभा चुनाव जीतकर मध्यप्रदेश में अपनी सरकार बनाई थी। लेकिन कुछ लोगों द्वारा की गई धोखेबाजी का परिणाम था कि कांग्रेस को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। लेकिन अब हम वर्तमान की ओर देख रहे हैं और पिछली बार से कहीं अधिक सशक्त संगठन के निर्माण की ओर अग्रसित हैं।

### कागजों पर होता था संगठन मजबूत

श्री जैन कहते हैं कि पूर्व कमियों को हटाते हुए इस बार एक मजबूत संगठन निर्माण की ओर हम प्रयासरत हैं। पहले पदाधिकारियों द्वारा कागजों पर फर्जी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का नाम जोड़ दिया जाता था। जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ता था। लेकिन इस बार ब्लॉक से लेकर बूथ लेवल तक जिन लोगों को चुना जाएगा उनसे स्वयं कमलनाथ संपर्क करेंगे। जिसमें किसी भी तरह के फर्जीवाड़े होने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।



## प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में कांग्रेस के जबलपुर जिले के प्रभारी सुनील जैन से चर्चा

### मीटिंग में खुद शिरकत करेंगे कमलनाथ

श्री जैन बताते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने यह तय किया है कि, वह अब जिले की मीटिंग में न जाकर मंडलों की मीटिंग में शिरकत करेंगे। ताकि कार्यकर्ताओं से वह सीधा संवाद कर सके। इसके साथ ही उनको होने वाली परेशानियों को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। जिसका फायदा चुनावों में मिलेगा।

### भाजपा को देंगे कड़ी टक्कर

भाजपा के मजबूत संगठन से मिल रही चुनौतियों के सवाल पर श्री सुनील जैन कहते हैं कि, हमारा पूरा प्रयास है कि इस बार हम भाजपा से भी मजबूत संगठन का निर्माण करें। ताकि विधानसभा चुनाव में जब हम उतरे तो इसी मजबूत संगठन के दम पर हम अपनी सरकार बनाएं।

### जनता भाजपा को सिखाएगी सबक

श्री जैन कहते हैं कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिस तरह से पेट्रोल-डीजल सहित अन्य दामों में वृद्धि की है। उससे आम जनता परेशान हैं। इसी महंगाई के कारण भारतीय जनता पार्टी सत्ताहीन होगी। क्योंकि जब चुनाव होंगे तब आम जनता के मन में महंगाई और कोरोना के दौरान हुई परेशानियां उनके जेहन में होंगी।

### कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह

श्री जैन का कहना है कि उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया गया और कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। जिसमें लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। साथ ही विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में यह उत्साह कहीं अधिक दिखा। इन लोगों द्वारा स्वयं आगे आकर जिम्मेदारियां ग्रहण की जा रही हैं और मंडल के साथ ही प्रत्येक बूथ में इन कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी हमने तय कर दी हैं।

### बलिदान दिवस पर होगा शक्ति प्रदर्शन

श्री जैन बताते हैं कि गोंडवाना साम्राज्य के अमर बलिदानी शंकर शाह, रघुनाथ शाह के शहीद दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जबलपुर में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही एक विशाल वाहन रैली का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हम अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही हमें खामियों का भी अंदाजा होगा जिसको प्राथमिकता के साथ हल करेंगे।

## जबलपुर में डेंगू का कहर, 55 पुलिस कर्मी पीड़ित

# महिला आरक्षक की मौत



### खबर लगते ही पुलिस कप्तान पहुंचे घर

**जबलपुर, यशभारत। डेंगू के कहर से जबलपुर में स्थिति भयावह बनी हुई है। कंट्रोल रुम के अलंबन शाखा में पदस्थ आरक्षक ऊषा तिवारी उम्र 55 वर्ष की डेंगू पॉजिटिव आने के बाद एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आज मौत हो गयी।**

इस घटना की खबर सुनते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा महिला आरक्षक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। शहर में पुलिस महकमें में ही करीब 55 कर्मी डेंगू पॉजिटिव है। जिनका इलाज जारी है। शहर के साथ ही पॉश इलाकों से लेकर उपनगरी क्षेत्रों में डेंगू कहर बरपा रहा है। सरकारी रिकार्ड में जहां दर्जनों मामले दर्ज हो रहे है तो वहीं निजी अस्पतालों में पीड़ितों की संख्या सैंकड़ों में है।

शहर में आलम ये है हर घर में लोग बीमार है। सरकारी ओर निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भीड़ लगी है। शहर के गढ़ा, लालमाटी, रांझी, मदनमहल सहित अन्य उपनगरीय सघन इलाको में डेंगू का प्रकोप ज्यादा है।

### पहले बेटा हुआ पॉजिटिव फिर बेटी और फिर माँ

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि त्रिमूर्ति नगर निवासी ऊषा तिवारी के पति की मौत हो जाने के बाद उन्हें विभाग में अनुकंपा नियुक्ती दी गई थी। दो दिन पहले ही उनकी तबियत बिगड़ी थी। इसके पहले उनका बेटा लकी तिवारी बीमार हुआ था जो अब स्वस्थ्य है, वहीं बेटी स्नेहल तिवारी की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आने के बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसकी स्वास्थ्य में सुधार है। इस घटना के बाद पुलिस महकमें में शोक की लहर है।

# 200 रुपए के लिए घोंप दिया चाकू

**तीन शराबियों ने युवकों पर किया हमला**

**जबलपुर, यशभारत।** थाना मदनमहल के प्रेममंदिर रोड पर दरमियानी रात दो सायकिल सवार रेस्टोरेंट कर्मियों को रोककर तीन बाइक सवार शराबियों ने जबरन 200 रुपए मांगे और ना देने पर चाकू से दनादन वार कर घायल कर दिया। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार बाइक सवारों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार रामभरोसे चौकसे उम्र 55 वर्ष निवासी आमनपुर मदनमहल ने पुलिस को बताया कि वह नवनीता रेस्टोरेंट में काम करता है। जब वह एवं उसके साथ काम करने वाला सुख चैन अपनी अपनी सायकिलों से घर वापस जा रहे थे, तभी देर रात प्रेम मंदिर के आगे बाजपेई का बाडा मोड पर पहुंचे, जहां एक मोटर सायकिल में 3 व्यक्ति दिखे। उनमे से एक व्यक्ति ने आवाज लगाकर कहा रानीताल जाने का रास्ता बता दो, आवाज सुनकर हम दोनों रूक गये तभी उनमें से दो व्यक्ति पास आकर शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगे। रूपये देने से मना किया तो दोनों ने चाकू से पेट में हमला कर, घायल कर दिया। जिसके बाद तीनों मोटर सायकिल में बैठकर भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# बलिदान दिवस पर प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती

### गृहमंत्री- कांग्रेस नेताओं के कार्यक्रम एक ही दिन



जबलपुर, यशभारत। राजा रघुनाथ शाह-शंकर शाह बलिदान दिवस 18 सितंबर के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन के पास दोहरी चुनौती है। एक ही कार्यक्रम को लेकर दो पार्टियों के नेता आमने-सामने होंगे। इसी दिन गृहमंत्री अमित शाह का जबलपुर आगमन हो रहा हैं तो वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस के तमाम बड़े नेता भी पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रशासन दावा कर रहा है कि कार्यक्रम में किसी भी तरह का असमंजस नहीं है दोनों पार्टियों के नेताओं के कार्यक्रम निर्धारित समय पर होंगे। इस संबंध में एक बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में आदिवासी संगठन और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हो चुकी है।

### गृहमंत्री का कार्यक्रम पहले हो जाए- कौशल्या गोंटिया

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित हुई बैठक में आदिवासी संगठन नेता और कांग्रेस नेत्री कौशल्या गोंटिया ने सुझाव दिया कि गृहमंत्री पहले आकर अपना कार्यक्रम कर लें इसके बाद कांग्रेस के बड़े नेता व आदिवासी समुदाय के लोग अपना कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### गृहमंत्री के कार्यक्रम से आदिवासी समुदाय को परेशानी न हो

कांग्रेस के पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे ने प्रशासन को सुझाव में बताया है कि आदिवासी समुदाय हर साल बलिदान दिवस मनाता आ रहा है। इस कार्यक्रम में गृहमंत्री आ रहे हैं तो उनका स्वागत है, लेकिन प्रशासन ये सुनिश्चित कर लें कि कार्यक्रम में जबलपुर सहित आसपास गांवों से आने वाले आदिवासी भाई बहनों को स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। बेवजह उन्हें न रोका जाए। आदिवासी समाज के लोगों के साथ धक्का-मुक्की न हो।

# गृहमंत्री शाह के कार्यक्रमों का जिम्मा सम्हालेंगे रोहित



जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य बड़ी शख्सियतों के कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के बाद रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक रोहित सिंह कौशल को गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रमों को सफल बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। गृह मंत्री अमित शाह के 18 सितंबर को होने वाले नगर प्रवास के दौरान गैरीसन मैदान में आयोजित कार्यक्रमों के लिए श्री कौशल को महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा एवं निगमायुक्त संदीप जीआर ने रोहित सिंह कौशल को सैन्य प्रशासन, आदिवासी विकास विभाग एवं संस्कृति विभाग से समन्वय स्थापित करने का दायित्व सौंपा है। संयुक्त संचालक वित्त श्री कौशल की विशेष योग्यता एवं परिणाम मूलक कार्यों को देखते हुए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने लिखित आदेश जारी कर जिम्मेदारी दी है।उल्लेखनीय है कि रोहित सिंह कौशल नगर निगम में अपर आयुक्त वित्त रह चुके हैं और वर्तमान में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं । रोहित सिंह कौशल भारत सरकार एवं राज्य शासन की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए कई बड़े मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं ।

# सुखसागर के बाथरूम में फिसली महिला की मौत

**सिर में चोट लगने के कारण मेडिकल में इलाज के दौरान तोड़ा दम**

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी थाना अंतर्गत खेत में काम कर रही एक मजदूर महिला को बेहोश हो जाने के कारण सुखसागर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी तबियत में सुधार था, लेकिन बाथरुम जाते समय महिला का अचानक पैर फिसल गया। जिससे महिला को सिर में गंभीर चोट आई थी। पीड़ित महिला को गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी अनुसार पुलिस को मुकेश कुमार सिंगरोरे उम्र 41 वर्ष निवासी सिंघनपुरी बरेला ने बताया कि उसकी मां चंदा बाई अपने खेत में मजदूरों के साथ काम कर रही थी। इस दौरान उनकी मां बेहोश हो गयी थी। मां को उपचार हेतु सुखसागर अस्पताल मुकनवारा में भर्ती कराया था। 30 अगस्त को सुवह लगभग 8 बजे सुखसागर अस्पताल की बाथरूम में उसकी मां का पैर फि सल कर गिर जाने से सिर में चोट आयी थी। मां बेहोश हो गयी थीं जिन्हें अगले दिन उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी मां की इलाज के दौरान मौत हो गयी है ।

# कंचनपुर में कई टुकड़ों में मिली युवक की लाश

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के कंचनपुर में आज अलसुबह ट्रेन की पांतों में कई टुकड़ों में बंटा हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अधारताल कंचनपुर में रेल की पांतों में आज सुबह एक शव क्षत-विक्षत हालत में पड़े होने की सूचना मिली । जिसके बाद घटना स्थल से शव को कब्ज में लेकर शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। मृतक युवक की उम्र करीब 40 वर्ष होगी।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )